
UPHIN/2011/39718 (डिजिटल संस्करण) बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार

दैनिक
# यंग भारत
निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर
Digital Edition


संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318

यंग भारत वेब न्यूज
सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-141 कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में उरई (जालौन) रविवार 03 मई 2026 youngbharatE-paper.com

## यूपी के लाखों कर्मचारियों की बल्ले-बल्ले! 1 अप्रैल से लागू हुआ नया नियम, अब बैंक खाते में आएंगे इतने हजार


संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक



( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** प्रदेश की योगी सरकार ने राज्य के लाखों आउटसोर्सिंग और अंशकालिक कर्मचारियों को एक बहुत बड़ा तोहफा दिया है। 1 अप्रैल से लागू हुए नए श्रम नियमों ने कर्मचारियों की किस्मत बदल दी है। अब न केवल काम करने के हालात बेहतर होंगे, बल्कि वेतन और छुट्टियों को लेकर भी ऐसे नियम बनाए गए हैं जिससे कर्मचारियों का शोषण पूरी तरह बंद हो जाएगा। लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान मंत्री असीम अरुण ने साफ किया कि ये ऐतिहासिक सुधार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन का हिस्सा हैं। सरकार का सीधा संदेश है कि अब कर्मचारियों के अधिकारों से कोई खिलवाड़ नहीं कर पाएगा। अक्सर देखा जाता था कि आउटसोर्स कर्मचारियों से बिना ब्रेक के काम लिया जाता था, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। नए नियमों के मुताबिक, अब किसी भी कर्मचारी से लगातार सात दिन काम कराना गैरकानूनी होगा। 6 दिन की ड्यूटी के बाद एक दिन की सवेतन छुट्टी देना अब अनिवार्य है। इसके साथ ही, रोजाना ड्यूटी का समय 8 से 9 घंटे तय कर दिया गया है। अगर कोई कंपनी इससे ज्यादा काम कराती है, तो उसे कर्मचारी को ओवरटाइम का भुगतान करना ही होगा।

### छुट्टियों की नई और शानदार व्यवस्था

सरकार ने कर्मचारियों की सेहत और जरूरत का ख्याल रखते हुए छुट्टियों का पूरा कैलेंडर ही बदल दिया है। अब कर्मचारियों को साल भर में 10 आकस्मिक अवकाश मिलेंगे। इसके अलावा, 6 महीने की नौकरी पूरी होते ही 15 दिन की मेडिकल लीव और 15 दिन की अर्न्ड लीव का अधिकार मिलेगा। सबसे बड़ी बात यह है कि महिला कर्मचारियों के लिए मातृत्व अवकाश के नियमों को बेहद सख्त बनाया गया है ताकि उन्हें पूरी सुरक्षा मिल सके।

### सैलरी का नया फॉर्मूला: सीधा खाते में आएगा पैसा

सैलरी को लेकर भी सरकार ने बड़ा खेल खत्म कर दिया है। अब कर्मचारियों का मूल वेतन उनके कुल पैकेज का कम से कम 50 प्रतिशत होगा। इसका सीधा फायदा यह होगा कि कर्मचारियों का पीएफज्यादा कटेगा और रिटायरमेंट के वक्त मोटी रकम मिलेगी। साथ ही, वेतन के लिए अब महीनों इंतजार नहीं करना होगा; हर महीने की 1 से 5 तारीख के बीच पैसा सीधे बैंक खाते में क्रेडिट करना अनिवार्य कर दिया गया है।

### खत्म होंगे बिचौलिए, लागू होगा 'आउटसोर्स सेवा निगम'

भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी को खत्म करने के लिए सरकार जल्द ही 'आउटसोर्स सेवा निगम' को पूरी तरह जमीन पर उतारने वाली है। इससे बिचौलिए खत्म हो जाएंगे और भर्ती प्रक्रिया पारदर्शी होगी। नए वेतनमान के अनुसार, अकुशल श्रमिकों को अब 11,000 से ज्यादा और कुशल श्रमिकों को 13,500 से अधिक वेतन मिलेगा। सरकार ने 'समान काम के लिए समान वेतन' का नियम भी लागू कर दिया है, जिससे एक ही पद पर काम करने वाले सभी कर्मचारियों को बराबर पैसा मिलेगा।

## दो स्टूलों को मिलाने से कुर्सी नहीं बनती! डिप्टी सीएम केशव और बृजेश के वीडियो पर अखिलेश का तंज



( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक शुक्रवार को बुद्ध पूर्णिमा कार्यक्रम में शामिल होने कुशीनगर पहुंचे। उन्होंने महापरिनिर्वाण मंदिर में पूजा-अर्चना की और चीवर चढ़ाकर विश्व शांति व जनकल्याण की कामना की।

इस दौरान दोनों डिप्टी सीएम ने एक वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। जिसमें भगवान बुद्ध की महत्वता उनके ज्ञान और संस्कारों के बारे में बता रहे हैं। वीडियो का कैप्शन है बुद्धं शरणम् गच्छामि! जिस पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने तंज किया है। उन्होने वीडियो को रिपोस्ट करते हुए लिखा कि दो स्टूलों को मिलाने से कुर्सी नहीं बनती। अब अखिलेश के वार पर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने पलटवार किया है। उन्होने कहा कि ये जोड़ी हिट है। इससे सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को क्यों मिर्ची लग रही है। उन्होने कहा कि सपा अध्यक्ष का ये बयान बचकाना है। 2027 तो छोड़िए 2047 तक वे सत्ता के पास नहीं भटक पाएंगे। आपको बता दें दोनों डिप्टी सीएम और अखिलेश के बीच सोशल मीडिया पर जंग छिड़ी हुई है। हाल ही में बृजेश पाठक ने समाजवादी पार्टी को दो टके की पार्टी बताया था। जिस पर अखिलेश ने भी जवाब दिया था। और अब दो स्टूलों वाला बयान देकर फिर सियासी माहौल गर्म कर दिया है। आपको बता दें कुशीनगर में दोनों उपमुख्यमंत्री बुद्ध पूर्णिमा कार्यक्रम में सम्मिलित हुए थे। इस मौक पर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भगवान बुद्ध का संदेश आज भी पूरी दुनिया में प्रासंगिक है। उन्होंने जोर दिया कि दुनिया युद्ध की विभीषिका से जूझ रही है और विश्व शांति का एकमात्र उपाय बुद्ध के सत्य, अहिंसा, करुणा और प्रेम के संदेश में निहित है। उन्होंने बुद्ध के विचारों के प्रचार-प्रसार के लिए सम्राट अशोक द्वारा अपने पुत्र और पुत्री को दुनिया में भेजने का उल्लेख किया। साथ ही, प्रधानमंत्री मोदी के संयुक्त राष्ट्र में दिए गए संदेश 'आपने युद्ध दिया है, तो भारत ने बुद्ध दिया है' को दोहराया, जिसमें शांति के लिए बुद्ध के विचारों को अपनाने पर बल दिया गया। वहीं लखनऊ में सपा कार्यालय में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के सभी जिलों और अन्य प्रदेशों के बौद्ध धर्मगुरू भन्ते बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस मौके पर अखिलेश ने भगवान बुद्ध के रास्ते पर चलकर जीवन में खुशहाली लाने के लिए बौद्ध भिक्षुओं द्वारा किये जा रहे कार्यों के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि जीवन में उतार चढ़ाव परेशानियां, दु:ख, संकट आता रहता है। ये सब सभी के जीवन में होता है। भारत की धरती पर समय-समय पर जो ज्ञान दिया गया है उसमें सबसे बड़ा योगदान भगवान बुद्ध का है।

## सुर्खियां.............

### बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे की खराब स्थिति के चलते अक्सर हो रही सड़क दुर्घटनाएं

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे की खराब स्थिति के चलते अक्सर इस मार्ग पर सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। नगरवासी ने इस एक्सप्रेसवे की तकनीकी टीम से उच्चस्तरीय जांच कराने और एक्सप्रेसवे के क्षतिग्रस्त हिस्सों की मरम्मत कराने की मांग केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को शिकायती पत्र भेजकर की है।

### दो सगी बहने घर से हुई लापता, पिता ने पुलिस में लिखाई रिपोर्ट

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** शुक्रवार को अपरान्ह घर से दो सगी वहिनें बगैर बताये घर से चली गयी है। पुत्रियों के गायब होने की जानकारी मिलने पर पिता ने घटना की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर किशोरियों की तलाश शुरू कर दी है।

### श्री वीर हनुमान बालाजी मंदिर का 54 वा स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** श्री वीर हनुमान बालाजी मंदिर उरई मार्ग का 54 वा स्थापना दिवस पर धूमधाम व उल्लास के साथ मनाया गया ।स्थापना दिवस के मौके पर विशेष पूजा अर्चना के भंडारे का आयोजन किया जिसमें बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे। उरई मार्ग पर विश्नोई पैट्रोल पम्प पर स्थापित श्री वीर हनुमान बालाजी मंदिर प्रभू श्री हनुमान जी, भगवान शंकर माता पार्वती, पुत्र कार्तिकेय व गणेश जी के साथ नंदी, माता दुर्गा व संतोषी माता मूर्ति के रुप में विराजमान है।

## यूपी के इस चपरासी ने साली-सास और 3 बीवियों को बांट दिए 8 करोड़ रुपये

### जीता था रईसों वाली जिंदगी, फिर जो हुआ।



*( यंग भारत न्यूज )*

***लखनऊ।*** *प्रदेश के प्रशासनिक गलियारों में इन दिनों एक चपरासी की चर्चा है, जिसने अपनी शातिर बुद्धि से पूरे शिक्षा विभाग और ट्रेजरी सिस्टम को घुटनों पर ला दिया। पीलीभीत के डीओएस कार्यालय में तैनात चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी इल्हाम-उर्र-रहमान शम्सी ने भ्रष्टाचार की ऐसी इबारत लिखी, जिसने सरकारी सुरक्षा तंत्र की पोल खोलकर रख दी है। इल्हाम की आधिकारिक तैनाती बीसलपुर के एक इंटर कॉलेज में थी, लेकिन अपनी रसूख और जुगाड़ के दम पर उसने 8 साल पहले जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में अटैचमेंट करा लिया। यहां उसने ट्रेजरी (खजाना) के कामकाज और सैलरी बिल पास करने की प्रक्रिया को बारीकी से समझा। उसने देखा कि सिस्टम में कुछ खामियां हैं जिनका फायदा उठाया जा सकता है। इल्हाम ने फर्जी 'बेनेफिशियरी आईडी' बनाना शुरू किया। उसने कागजों पर अपने परिवार वालों और रिश्तेदारों को फर्जी शिक्षक और बाबू दर्शाया। इसके बाद वह खुद ही सैलरी के टोकन जनरेट करता और सरकारी पैसा सीधे अपने चहेतों के खातों में ट्रांसफर कर देता। यह खेल साल 2018 के आसपास शुरू हुआ और फरवरी 2026 तक बेखौफ चलता रहा।*

### *रिश्तेदारों के खातों में करोड़ों की 'बारिश'*

*जांच के दौरान जब पुलिस ने इल्हाम के सिंडिकेट के बैंक खातों को खंगाला, तो अधिकारियों के पैरों तले जमीन खिसक गई। इल्हाम ने अपनी तीन पत्नियों, सास, साली और परिचितों के खातों में करोड़ों रुपये भेजे थे। कुल मिलाकर 53 संदिग्ध खातों के जरिए 8 ।15 करोड़ रुपये की हेराफेरी की गई। यह पैसा वेतन और स्कूलों के फर्जी निर्माण कार्यों के नाम पर निकाला गया था।*

***नाम और रिश्ता प्राप्त धनराशि (लगभग)***
***लुबना (पत्नी) 2.37 करोड़ रुपये***
***अजारा खान (पत्नी) 2.12 करोड़ रुपये***
***अर्शी खातून (पहली पत्नी) 1.15 करोड़ रुपये***
***परवीन व आशकारा (परिचित) 86.55 लाख रुपये***
***फातिमा नवी (साली) 1.03 करोड़ रुपये***
***नाहिद (सास )आफिया (रिश्तेदार) 95.28 लाख रुपये***
***आफिया (रिश्तेदार) 80.68 लाख रुपये***

### *तीन बीवियां और 'लग्जरी लाइफस्टाइल'*

*इल्हाम की कहानी सिर्फ आर्थिक घोटाले तक सीमित नहीं है, यह सामाजिक धोखे की भी पराकाष्ठा है। उसने तीन शादियां की थीं- पहली अर्शी, दूसरी अजारा और तीसरी लुबना। हैरानी की बात यह है कि तीनों पत्नियां अलग-अलग शहरों में रहती थीं और उन्हें एक-दूसरे के अस्तित्व के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। इल्हाम ने खुद को एक अमीर बिजनेसमैन या प्रभावशाली अधिकारी के रूप में पेश किया था। वह अपनी प्रेमिकाओं और पत्नियों को महंगे फ्लैट, जमीन और लग्जरी गाड़ियां गिफ्ट करता था। उसकी एक पत्नी बुलंदशहर की थी तो दूसरी संभल की, लेकिन इल्हाम ने अपनी चतुराई से सबको अलग-अलग 'हैप्पी होम' का अहसास कराया। जब पुलिस ने दूसरी पत्नी अजारा खान से पूछताछ की, तो उसने साफ कहा, 'मुझे नहीं पता था कि उसकी कोई और बीवी भी है।'*

### *भंडाफोड़: एक चिट्ठी ने बिगाड़ा खेल*

*इल्हाम का यह साम्राज्य तब ढह गया जब फरवरी 2026 में बैंक ऑफ बड़ौदा के मैनेजर को एक संदिग्ध ट्रांजेक्शन दिखा। ट्रेजरी से एक ही बार में 1 ।15 करोड़ रुपये एक निजी खाते (अर्शी खातून) में भेजे गए थे। मैनेजर ने तुरंत इसकी सूचना पीलीभीत के डीएम ज्ञानेंद्र सिंह को दी। डीएम ने तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित की, जिसने परतों को उखाड़ना शुरू किया। जांच में पाया गया कि पिछले 8 सालों से डीओएस ऑफिस के कंप्यूटर से फर्जी शिक्षकों के नाम पर बिल जेनरेट हो रहे थे। मास्टरमाइंड के तौर पर इल्हाम का नाम सामने आते ही विभाग में हड़कंप मच गया।*

## अम्बेडकरनगर में ममता हुई शर्मसार! मां ने खौफनाक वारदात को दिया अंजाम

### 4 बच्चों को मौत के घाट उतारकर हुई फरार




( यंग भारत न्यूज )

**अम्बेडकरनगर।** प्रदेश के अम्बेडकरनगर जिले में शनिवार को एक बेहद दर्दनाक और सनसनीखेज घटना सामने आई, अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के मीरानपुर मोहल्ले में एक मां पर अपने ही चार मासूम बच्चों की बेरहमी से हत्या करने का आरोप है।

बताया जा रहा है कि महिला ने ईंट से कूचकर बच्चों को मौत के घाट उतार दिया और इसके बाद बालकनी से कूदकर मौके से फरार हो गई। इस वारदात ने पूरे इलाके में दहशत और शोक का माहौल पैदा कर दिया है। घटना की जानकारी, तब हुई जब सुबह करीब 8 बजे दूधवाला घर पहुंचा, लेकिन दरवाजा अंदर से बंद मिला। काफी आवाज लगाने के बावजूद जब कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली, तो उसे शक हुआ। उसने यह बात पड़ोसियों को बताई, दोपहर 3 बजे तक जब घर से कोई बाहर नहीं निकला, तो पड़ोसियों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़ा और अंदर का दृश्य देखकर सभी स्तब्ध रह गए।

### घर के अंदर का मंजर

*पुलिस जब घर के अंदर दाखिल हुई तो नीचे के कमरे में बिस्तर पर चारों बच्चों के शव खून से लथपथ हालत में एक-दूसरे से सटे पड़े थे। मृतकों की पहचान शफीक, सऊद, उमर और सादिया के रूप में हुई है। घटना के समय बच्चों की मां घर में नहीं मिली, शुरुआती जांच में आशंका जताई जा रही है कि वारदात को अंजाम देने के बाद महिला बालकनी से कूदकर फरार हो गई।*

### पारिवारिक पृष्ठभूमि और संभावित कारण

जानकारी के अनुसार, महिला का पति नियाज पिछले डेढ़ साल से सऊदी अरब में काम करता है और इस दौरान वह घर नहीं आया। पुलिस का मानना है कि महिला मानसिक तनाव से गुजर रही थी। साथ ही प्रॉपर्टी विवाद की भी बात सामने आ रही है, जिसे घटना का एक संभावित कारण माना जा रहा है। पुलिस के अनुसार, आरोपी महिला का पति नियाज पिछले चार वर्षों से सऊदी अरब में रह रहा है और इस दौरान वह भारत वापस नहीं लौटा। जांच में यह भी सामने आया है कि नियाज ने करीब तीन साल पहले एक पाकिस्तानी महिला से दूसरी शादी कर ली थी। इस जानकारी के बाद परिवार में तनाव बढ़ गया था। बताया जा रहा है कि एक साल पहले नियाज की पहली पत्नी गाजिया खातून भी सऊदी अरब गई थी। वहां जाने के बाद से पति-पत्नी के बीच विवाद लगातार बढ़ता गया। पुलिस इस पारिवारिक विवाद को हत्या के संभावित कारण के रूप में देख रही है और मामले की गहन जांच जारी है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह सहित वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। अयोध्या रेंज के डीआईजी सोमेन वर्मा ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और फरार महिला की तलाश जारी है। अधिकारियों का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है और जल्द ही सच्चाई सामने लाई जाएगी। इस हृदयविदारक घटना से पूरे इलाके में शोक की लहर है। चार मासूम बच्चों की एक साथ हुई मौत ने लोगों को झकझोर कर रख दिया है। स्थानीय लोग घटना को लेकर बेहद आक्रोशित और दुखी हैं। पुलिस प्रशासन पर जल्द से जल्द आरोपी को पकड़ने का दबाव बढ़ता जा रहा है।

# अंबेडकर इंटर कॉलेज की प्रबंध कार्यकारिणी का चुनाव निर्विरोध संपन्न हुआ

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** डॉक्टर अंबेडकर इंटर कॉलेज की प्रबंध कार्यकारिणी का चुनाव निर्विरोध संपन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष पद पर काशीप्रसाद जाटव एवं प्रबंधक पद पर एडवोकेट वीरेंद्र कुमार सिंह निर्वाचित हुए।

डॉक्टर अम्बेडकर इंटर कॉलेज की कार्यकारिणी का चुनाव कॉलेज परिसर में शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। सुबह अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, प्रबंधक, उपप्रबंधक, कोषाध्यक्ष पद समेत सभी पदों पर एक एक नामांकन प्राप्त हुए। नामांकन पत्रों की जांच में सभी नामांकन वैध पाए गए। इन पदों पर अन्य कोई दावेदार न आने पर सभी पदों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद पर काशीप्रसाद जाटव, उपाध्यक्ष पद पर लालता प्रसाद



जाटव, प्रबंधक एडवोकेट वीरेंद्र कुमार सिंह, उपप्रबंधक पद पर एडवोकेट रमेशचंद्र जाटव एवं कोषाध्यक्ष पद पर नरेंद्र कुमार वर्मा निर्विरोध निर्वाचित हुए। सदस्य पद पर डॉ। रामकिशोर गुप्ता, तिलक सिंह जाटव, मान ?सिंह यादव, नरेंद्र सिंह यादव, बृजबिहारी खक ?सीस, ओमप्रकाश साहू एवं अरविंद प्रताप सिंह निर्विरोध निर्वाचित हुए। चुनाव कार्यक्रम में पर्यवेक्षक के रूप में जयदेव नगाइच, पीठासीन अधिकारी शिरोमणि सिंह निरंजन एवं शिक्षाविद डॉ। विनोद अहिरवार, डॉ। दिनेश निरंजन, अरविंद गौतम, रमाशंकर सरोज आदि रहे।

## बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे की खराब स्थिति के चलते अक्सर हो रही सड़क दुर्घटनाएं

### तकनीकी टीम से उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे की खराब स्थिति के चलते अक्सर इस मार्ग पर सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। नगरवासी ने इस एक्सप्रेसवे की तकनीकी टीम से उच्चस्तरीय जांच कराने और एक्सप्रेसवे के क्षतिग्रस्त हिस्सों की मरम्मत कराने की मांग केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को शिकायती पत्र भेजकर की है।

नगर क्षेत्र में मोहल्ला मुरलीमनोहर निवासी अशफाक राईन ने केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को शिकायती पत्र भेजकर बता कि लगभग 296 किलोमीटर लंबा बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे चित्रकूट से शुरू होकर उरई, जालौन होते हुए औरैया के आगे आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे से जुड़ता है। यह एक्सप्रेसवे बुंदेलखंड क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है, लेकिन वर्तमान में इसकी स्थिति कई स्थानों पर चिंताजनक बनी हुई है। बताया कि एक्सप्रेसवे पर कई जगह सड़क की सतह पर अत्यधिक उछाल (जंपिंग) की समस्या है, जबकि कुछ स्थानों पर सड़क क्षतिग्रस्त हो चुकी है। खासतौर पर उरई के पहले से जालौन होकर औरैया वाले हिस्से में स्थिति बेहद खराब है। इससे न केवल यात्रियों को असुविधा हो रही है, बल्कि इस क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाएं भी अधिक होती हैं। उन्होंने मांग की है कि पूरे एक्सप्रेसवे की गुणवत्ता की जांच के लिए विशेषज्ञ इंजीनियरों की टीम गठित कर तत्काल निरीक्षण कराया जाए। साथ ही जहां-जहां तकनीकी खामियां पाई जाएं, वहां उच्च गुणवत्ता के साथ मरम्मत एवं सुधार कार्य कराए जाएं। ताकि इस एक्सप्रेसवे से होकर जाने वाले यात्रियों और वाहन चालकों को सुगम यात्रा का अनुभव मिल सके।

## दो सगी बहने घर से हुईं लापता, पिता ने पुलिस में लिखाई रिपोर्ट

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** शुक्रवार को अपरान्ह घर से दो सगी वहिनें बगैर बताये घर से चली गयी है। पुत्रियों के गायब होने की जानकारी मिलने पर पिता ने घटना की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर किशोरियों की तलाश शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम इकहरा निवासी रामसिया ने पुलिस को बताया कि 1 मई 26 दिन शुक्रवार को दोनों बेटियां अनीशा 15 वर्ष व आरती 12 वर्ष घर पर थी। अपरान्ह करीब 1 बजे दोनों बेटियां बगैर बताये घर से कहीं चली गयी है। जानकारी होने पर उनकी तलाश शुरू कर दी किन्तु पुत्रियों के मिलने पर घटना की शिकायत पुलिस से की ।पीड़ित पिता की शिकायत पर पुलिस ने दोनों बहिनों के गायब होने के मामले में गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लिया है तथा उनकी तलाश शुरू कर दी है।

# डीएम व एसपी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी स्थिति जानी

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जालौन का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी स्थिति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने अस्पताल परिसर में मौजूद मरीजों एवं उनके तीमारदारों से सीधे संवाद स्थापित कर उपचार, दवाइयों की उपलब्धता एवं अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। मरीजों ने बताया कि उन्हें आवश्यक दवाइयां नि:शुल्क उपलब्ध हो रही हैं और चिकित्सकों द्वारा समुचित उपचार भी प्रदान



किया जा रहा है। इस दौरान परिसर में स्थापित हेल्थ एटीएम की स्थिति का भी निरीक्षण किया गया। मशीन के पूर्ण रूप से क्रियाशील न होने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इसे दो दिवस के भीतर पूर्णत: संचालित किया जाए, ताकि मरीजों को त्वरित जांच की सुविधा मिल सके।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध अल्ट्रासाउंड मशीन का उपयोग रेडियोलॉजिस्ट के अभाव में न हो पाने की स्थिति पर जिलाधिकारी ने तत्काल संज्ञान लेते हुए निर्देश दिए कि सप्ताह में दो दिन के लिए रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती सुनिश्चित की जाए, जिससे मरीजों को बाहरी केंद्रों पर निर्भर न रहना पड़े और उन्हें स्थानीय स्तर पर ही बेहतर जांच सुविधा मिल सके। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि अस्पताल में सभी मूलभूत सुविधाएं निरंतर उपलब्ध रहें और मरीजों को समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार सुनिश्चित किया जाए। प्रशासन का लक्ष्य है कि प्रत्येक नागरिक को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ हों और किसी को भी अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।इस अवसर पर उप जिलाधिकारी जालौन, हेमन्त पटेल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी बीरेंद्र सिंह, अधीक्षण डां के डी गुप्ता, डां विनोद राजपूत, डां राजीव दुबे, डां सहन विहारी, पी एन शर्मा सहित सम्बंधित अधिकारी व चिकित्सक मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं को जागरूक करने को अभियान चलाया

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई ।** मिशन शक्ति फेज 5 ।0 के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं को जागरूक करते हुए अभियान चलाया।

अभियान के दौरान महिला कांस्टेबल कश्मीरा ने बताया कि कोई भी अंजान काल से सावधान रहें। अंजान व्यक्तियों के साथ अपना पर्सनल मोबाइल नबर शेयर न करें। कोई अनजान व्यक्ति यदि कोई लिंक भेजता है तो उसे न खोलें। ऐसा करने आपका मोबाइल हैंक हो सकता है। किसी को भी अपनी पर्सनल तस्वीरें न भेजें। जागरूक रहकर आप साइबर फ्रॉड से बच सकती हैं। महिला सिपाही प्रकांक्षा ने वूमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, एम्बुलेंस सेवा 108, चाइल्ड लाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा



102, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 और साइबर हेल्पलाइन 1930 के बारे में जानकारी दी गई। अंत में शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए पंपलेट वितरित किए गए। इस मौके पर मीनाक्षी, अदिती, सोनम, करिश्मा, पूनम, शालिनी, प्रकांक्षा, विनीता, अनीता आदि मौजूद रहे।

## अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल और प्रदेश अध्यक्ष आर।पी। गौतम ने कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मंत्र

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच( जालौन )।** अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती अनुप्रिया पटेल की मुख्य मोजुदगी में एवं प्रदेश अध्यक्ष आर।पी। गौतम की अध्यक्षता में एक डिजिटल बैठक संपन्न हुई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य बूथ स्तर पर पार्टी की नींव को मजबूत करना रहा। ?बैठक में प्रदेश अध्यक्ष आर।पी। गौतम जी ने संगठनात्मक ढांचे पर चर्चा करते हुए निर्देश दिया कि प्रत्येक बूथ पर कर्मठ और सक्रिय कार्यकर्ता ओं



की टीम तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि मजबूत बूथ ही पार्टी की सफलता का आधार है राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती अनुप्रिया पटेल जी ने सभी पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और सरकार की योज नाओं को जन-जन तक पहुँचाने का निर्देश दिया। ?इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल और जिला अध्यक्ष अनिल कुदारी प्रदेश कारकाणी सदस्य रोहित राठौर, क्षेत्रीय अध्यक्ष झांसी मंडल आनंद पटेल बाबूजी बोहरा सहित उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों के पदाधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े रहे। इस बैठक को लेकर कार्यकर्ता उत्साह में दिख

### श्री वीर हनुमान बालाजी मंदिर का 54 वा स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** श्री वीर हनुमान बालाजी मंदिर उरई मार्ग का 54 वा स्थापना दिवस पर धूमधाम व उल्लास के साथ मनाया गया ।स्थापना दिवस के मौके पर विशेष पूजा अर्चना के भंडारे का आयोजन किया जिसमें बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे। उरई मार्ग पर विश्नोई पैट्रोल पम्प पर स्थापित श्री वीर हनुमान बालाजी मंदिर प्रभू श्री हनुमान जी, भगवान शंकर माता पार्वती, पुत्र कार्तिकेय व गणेश जी के साथ नंदी, माता दुर्गा व संतोषी माता मूर्ति के रुप में विराजमान है। मंदिर के 54 स्थापना दिवस के मौके पर मंदिर परिसर में विशेष पूजा अर्चना की गयी जिसमें श्री अखंड श्री रामचरित मानस का पाठ, श्री हनुमान चालीसा, दुर्गा चालीसा व शिव चालीसा का पाठ हुआ। इसके साथ ही हवन पूजन किया है। स्थापना दिवस के मौके पर मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था तथा भगवान के विग्रहों को नये आकर्षित करने वाले वस्त, आभूषण पहनाये गये थे। एक दिन पूर्व से शुरू हुए धार्मिक आयोजनों का समापन हवन के बाद आयोजित भंडारे के साथ हुआ। मंदिर के संस्थापक परिवार के द्वारा भंडारे में बड़ी संख्या में नगर के लोगों ने भंडारा ग्रहण किया। इस मौके पर पुजारी कमलेश महाराज, राजकुमार विश्नोई, अनुरूद्ध, राजा, रत्नेश, लालजी, आशू, पवन अग्रवाल, अरविंद श्रीवास्तव, ऊषा गुप्ता समेत बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

## श्री मद भागवत कथा और 51 कुण्डीय सतचंडी महायज्ञ का आयो जन ग्राम जुझारपुरा में

( यंग भारत न्यूज )

- 17 मई को जुझारपुरा मे निकले गी विशाल कलश यात्रा
- इस महायज्ञ को लेकर तैयारियां जोरो पर शुरू

**कोंच( जालौन)** श्री जुझारवाली माता की अनुकम्पा से भव्य महायज्ञ एवं श्री मद भागवत कथा और 51 कुण्डीय सतचंडी महायज्ञ और राम लीला का आयोजन ग्राम जुझारपुरा में ब्रह्मलीन श्री श्री 1008महांत महा मंडेश्वर जगन्नाथ दास जी महाराज सींगपुरा धाम गुरुदेव के कृपा पात्र श्री श्री 1008 महांत उद्धवदास जी उमेश महाराज नई मिहोनी धाम माता मऊ के कर कमलों द्वारा यह धार्मिक आयोजन शुरू होने जा रहा है इस बड़े धार्मिक आयोजन का शुभ कार्य 17 मई दिन रविवार से प्रारंभ होगा इस दिन विशाल कलश यात्रा निकलेगी और अग्नि स्थापना होगी दिनांक 18 मई दिन सोमवार को श्री मद भागवत कथा होगी जिसमें कथा बाचक श्री पवन शास्त्री जी महाराज दंदरोआ धाम के द्वारा कथा सुनाई जावेगी वहीं यज्ञाचार्य पं प्रदीप मिश्रा ग्वालियर द्वारा यज्ञ से संबंधित कार्य संपादित होंगे इस कथा में भागवत के पारीक्षित श्री मती शील कुमारी विनोद कुमार पटेल बाबूजी जुझारपुरा सहकारी समिति कोंच होंगे इस आयोजन में रंगमंच पर रामलीला भी मंचित की जावेगी जिसके अच्छे रंगमंच से जुड़े कलाकारों द्वारा राम लीला का आयोजन होगा इस बड़े धार्मिक आयोजन में श्री श्री 1008 परमपूज्य श्री महामंडेश्वर महंत दंदरोआ सरकार श्री श्री रणछोड़ दास जी महाराज श्री श्री 1008 महामंडेश्वर पुरुषोत्तम दास जी महाराज श्री श्री 108 महंत दयाल दास जी महाराज दबोह श्री श्री 108 कल्याण दास जी महाराज पठेश्वर कोंच श्री श्री 108 महंत कोमल दास महाराज सलैया खुर्द आदि का आशीर्वाद मिलेगा इस आयोजन में श्री श्री 1008 राम प्रकाश दास चित्रकूट धाम गऊ घाट श्री श्री 1008 कृपाल दास महाराज चित्रकूट धाम श्री श्री 108 महंत सरमन दास महाराज पाडोरी श्री श्री 108 महंत शत्रुघ्न दास महाराज लाल कोठी अयोध्या धाम गोला घाट श्री श्री 108 महंत पनवेश्वर दास महाराज सामी श्री श्री 108 महंत राम जी दास महाराज डेरा श्री श्री 108 महंत सुंदर दास महाराज नई मिहोनी माता मऊ आदि संत महायज्ञ में भक्तों को आशीष देंगे इस बड़े धार्मिक आयोजन को लेकर कोंच तहसील से जुड़े जुझारपुरा गांव के साथ साथ कई आस पास के गांवों के लोग भी इस कार्यक्रम को सफल और अच्छा बनाने में जुट हुऐ है

## एडवोकेट शिवांगी चतुर्वेदी ने अपने सीनियर के साथ हाई कोर्ट में फिर पाई बड़ी सफलता

### गैंगस्टर में बंद सुनील शाह को दिला दी जमानत, नयायालय ने सुनवाई के बाद दिया आदेश

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच( जालौन )।** जनपद जालौन के थाना कोतवाली कोंच में दर्ज क्राइम नंबर 0043/2026 से संबंधित गैंगस्टर एक्ट के मामले में अभियुक्त सुनील शाह को उच्च न्यायालय से जमानत मंजूर कर दी गई है। उच्च न्यायालय ने मामले की गंभीरता एवं उपलब्ध तथ्यों पर विचार करते हुए यह आदेश पारित किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अभियुक्त की ओर से दाखिल जमानत प्रार्थना पत्र संख्या 14760/2026 पर न्यायमूर्ति राजीव लोचन शुक्ला की एकल पीठ ने दिनांक 1 मई 2026 को विस्तृत सुनवाई की। सुनवाई के दौरान अभियुक्त पक्ष के अधि वक्ताओं वाई ।डी। मिश्रा एवं शिवांगी चतुर्वेदी ने पक्ष प्रस्तुत किया, जिसके उपरांत न्यायालय ने जमानत स्वीकृत करने का आदेश दिया। यह मामला थाना कोतवाली कोंच में दर्ज है जिसमें प्रभारी निरीक्षक द्वारा कार्य वाही की गई थी। न्यायालय ने सभी पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद अभियुक्त को जमानत पर रिहा किए जाने को उचित माना। न्यायालय द्वारा जमानत मंजूर किए जाने के साथ ही जमानत आवेदन का निस्तारण कर दिया गया है। कानूनी विशेषज्ञों के अनुसार, जमानत मिलने के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय द्वारा निर्धारित सभी शर्तों का पालन करना अनिवार्य होगा तथा मूल मुकदमे की सुनवाई संबंधित न्यायालय में जारी रहेगी।

# श्रीमद्भागवत कथा के महात्म्य और राजा परीक्षित के जन्म प्रसंग का वर्णन किया

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** क्षेत्रीय ग्राम माहिया खास स्थित रामजानकी मंदिर पर आयोजित साप्ताहिक श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कथा व्यास पंडित सर्वेश दीक्षित ने श्रीमद्भागवत कथा के महात्म्य और राजा परीक्षित के जन्म प्रसंग का वर्णन किया।

दूसरे दिन कथा व्यास पंडित सर्वेश दीक्षित महाराज ने भागवत कथा का महात्म्य बताते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत पुराण केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि मानव जीवन को सही दिशा देने वाला दिव्य ज्ञान है। भागवत कथा मनुष्य को धर्म, सत्य, करुणा और भक्ति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। जो व्यक्ति श्रद्धा और विश्वास के



साथ भागवत कथा का श्रवण करता है, उसके जीवन के अनेक कष्ट स्वत: ही दूर होने लगते हैं और मन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। भागवत कथा के श्रवण से व्यक्ति का अंतर्मन शुद्ध होता है और उसे ईश्वर के निकट होने का अनुभव प्राप्त होता है। राजा परीक्षित के जन्म की कथा का वर्णन कर बताया कि राजा परीक्षित का जन्म महाभारत युद्ध के बाद हुआ था। अश्वत्थामा द्वारा छोड़े गए ब्रह्मास्त्र से गर्भ में स्थित शिशु को बचाने के लिए भगवान श्रीकृष्ण ने स्वयं गर्भ में प्रवेश कर बालक की रक्षा की। इसी कारण बालक का नाम परीक्षित पड़ा, क्योंकि वह जन्म से ही भगवान का साक्षात दर्शन कर चुका था। राजा परीक्षित की कथा हमें यह सिखाती है कि ईश्वर अपने भक्तों की हर परिस्थिति में रक्षा करते हैं और सच्चे भक्त को कभी निराश नहीं करते। इस मौके पर पारीक्षित आशा मन्ना सिंह सेंगर, मलखान सिंह, राजेंद्र सिंह, यतेंद्र सिंह, राकेश सिंह, देवेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह, राजवीर सिंह, नरेंद्र सिंह, दीपेंद्र, बीटू, दीपू, सुंदर सिंह, दुर्गा प्रसाद, राहुल, करुणा सिंह, मंजू, अनीता, छवि, नीलम, सोनम आदि रहे।

## कालपी के मूल निवासीमध्य प्रदेश सरकार द्वारा लघु उद्योग अध्यक्ष मनोनीत करने पर निज निवास सहित नगर में खुशी का इजाफा

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी जालौन 2 मई** मध्य प्रदेश सरकार ने भाजपा कद्दावर नेता सत्येंद्र भूषण सिंह की कार्यशैली से प्रसन्न होकर उन्हें लघु उद्योग अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त मनोनीत पत्र जैसे ही उनको थमाया इसकी सूचना नगर कालपी में परिजनों को मिली साथ में नगर वासियों को जैसे ही सूचना मिली तो उनके निज निवास में पहुंचकर लोगों ने परिवार के साथ खुशी माहौल में भरपूर गोले दाग कर जश्न मनाया वहीं मौजूद लोगों ने बधाइयां दी इतना भी नहीं बधाइयां देने का सिलसिला नगर में बराबर चलता हुआ नजर आया विदित हो कि ग्राम उरकला एवं टरननगंज कालपी निवासी भाजपा पार्टी वरिष्ठ नेता कुंवर हरदेव सिंह चौहान के लघु पुत्र तथा पालिका प्रधान लेखाकार हरिभूषण सिंह चौहान के लघु भ्राता सत्येंद्र भूषण सिंह चौहान भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व प्रदेश कार्यालय मंत्री पूर्व संभाग संगठन मंत्री पूर्व आयोग उपाध्यक्ष बनाया था उनकी कार्यशैली मध्य प्रदेश मुख्यमंत्री मोहन यादव को सर्वाधिक अच्छी जनता के बीच साबित हुई उन्होंने तत्काल लघु उद्योग अध्यक्ष सत्येंद्र भूषण सिंह चौहान को मनोनीत पत्र सौंपकर अपनी जिम्मेदारी पूर्व की तरह संपादित करने का पुरजोर आवाहन किया वही कुंवर सत्येंद्र भूषण सिंह चौहान को जैसे ही अध्यक्ष का मनोनयन पत्र की ताजपोसी मिली उन्होंने मुख्यमंत्री को भरपूर आश्वासन देते हुए कहा कि पूर्व की भांति ही नहीं मैं अपने ईमानदारी निष्ठा से सरकार के कार्यों के प्रति जनता के बीच सदैव मिशन को सफल बनाने में मेरी पहली प्राथमिकता होगी



# माध्यमिक शिक्षक संघ का विशाल धरना, समस्याओं के समाधान की उठी मांग

## नई पेंशन योजना, एरियर भुगतान और अवकाश व्यवस्था को लेकर जताई नाराजगी

( यंग भारत न्यूज )



**उरई,जालौन।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद जालौन के तत्वावधान में जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय उरई परिसर में शिक्षकों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर विशाल धरना-प्रदर्शन किया। धरने का नेतृत्व पूर्व जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह राजावत ने किया, जबकि अध्यक्षता जिला अध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह गुर्जर ने की।

धरने को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि 1 अप्रैल 2005 के बाद नियुक्त शिक्षकों को नई पेंशन योजना (एनपीएस) से नुकसान उठाना पड़ रहा है। उनका आरोप था कि जीपीएफ/एनपीएस कटौती का समुचित लाभ नहीं मिल रहा और समय-समय पर शिक्षकों के हितों की अनदेखी की जा रही है। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ। धर्मेंद्र कुमार मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि शिक्षकों से अवकाश के दौरान भी कार्य लिया जाता है, लेकिन उसके अनुरूप अर्जित अवकाश नहीं दिया जाता। साथ ही नगर क्षेत्र का मकान किराया भत्ता एवं अवशेष एरियर भुगतान लंबित है, जिसे जल्द जारी किया जाए। जिला अध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह गुर्जर ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो शिक्षक आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। संघर्ष समिति के संयोजक डॉ। संजीव पाल एवं कोषाध्यक्ष ठाकुरदास निरंजन ने भी लंबित एरियर भुगतान जल्द करने की मांग उठाई। जिला मंत्री रामहेत सिंह ने एनपीएस में जमा शिक्षकों की धनराशि को जीपीएफ में स्थानांतरित कर खातों को अपडेट करने की मांग की। वहीं आय-व्यय निरीक्षक सुनील गुप्ता ने बुंदेलखंड की भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए विद्यालय का समय प्रात: 7:30 से 12:30 किए जाने का सुझाव दिया। धरना-प्रदर्शन में डॉ। राकेश निरंजन,डॉ धर्मेंद्र कुमार मिश्रा,अजित सक्सेना,प्रताप सिंह राजावत,प्रदीप कुमार गुप्ता,कृष्ण अवतार चतुर्वेदी,धीरेन्द्र यादव,राम निरंजन मिश्रा,कैलाश,श्रीमती राखी गुप्ता,अरविंद शुक्ला,सुनील कुमार गुप्ता,देवेंद्र कुमार झा,रजत कुलश्रेष्ठ,विमल कुमार,सतीश कुमार सहित बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

# जनपद मुख्यालय उरई के समस्या ग्रस्त मोहल्ला डढ़वा, उमरार खेरा, शांति नगर में भी पहुंचेगा पिय जल

- जल निगम की उरई के सभी 34 वार्डों के लिए 133 करोड़ की पेयजल योजना
- उरई शहर के कल 52, 207 मकानों में पहुंचेगा नई पाइप लाइन से पानी।
- 13 नए ओवरहेड टैंक बनाए जाएंगे, जबकि पांच पुराने ओवरहेडटैंको का रिपेयर
- 402, 04 किलोमीटर तक डाली जाएगी नई पाइप लाइन
- 15 नए पंप हाउस बनाए जाएंगे

( अनिल शर्मा +संजय श्रीवास्तव )

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ।** प्रदेश सरकार ने जल निगम के माध्यम से उरई में 133 करोड़ की नई जल योजना बनाई है जिसके माध्यम से उरई नगर के 52207 मकान को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जाएगी। सबसे बड़ी बात यह है । पिछले कई दशकों से पानी की समस्या से जूझ रहे मोहल्ला डढ़वा , जो मुस्लिम बहुल क्षेत्र है, इसी तरह उमरार खेड़ा तथा शांति नगर यह दोनों मोहल्ले दलित बहुल वाले मोहल्ले हैं यहां के हजारों लोग बरसों से पेयजल की समस्या से जूझ रहे थे इसके निदान के लिए सरकार ने जो 133 करोड़ रुपए की योजना बनाई है । इसमें कुल 13 नए ओवरहेड टैंक बनाए जाएंगे, पांच पुराने ओवरहेड बैंकों का रिपेयर किया जाएगा। 15 नए पंप हाउस बनाए जाएंगे। तथा 402,04 नई पाइप लाइन बिछाई जाएगी। इसके माध्यम से जनपद मुख्यालय उरई में जो ?52207 मकान है। एक मकान में ऑप्शन 4 से 5 लोग रहते हैं इस तरह से यह संख्या आबादी 2 लाख से अधिक हो जाती है। इस 2 लाख से अधिक की आबादी को शुद्ध पर जल देने के लिए सरकार ने यह बहुत महत्वपूर्ण योजना बनाई है। इस संबंध में जब जल निगम के आज जाती अभियंता हिमांशु नेगी और सहायक अभियंता नीरज करपात्री से बात की गई और उनसे पूछा गया की उरई मुख्यालय में जो पांच ओवरहेड टैंक है कई दशक पहले बनी ए थे । लेकिन प्रेशर से जब पानी ओवरहेड टैंक में चढ़ाया गया तो प्लास्टिक की पाइप लाइनें लोग ना सही पाने के कारण फट जाती थी । इसलिए उरई की जनता को ओवरहेड टैंक की जगह नलकूपों से सीधा पेयजल की सप्लाई दी जाती थी। उन्होंने बताया कि इस नई योजना के तहत ऐसे ऐसी नई तकनीक और टेस्टेड पाइपलाइन बिछाई जा रही है जो ओवरहेड टैंक में पानी चढ़ाते समय कभी नहीं फटेगी। इसी तरह उरई की 2 लाख से अधिक की जनता को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए जो 402,04 किलोमीटर जो पाइप लाइन बिछाई जारही है उसमें ऐसी तकनीक का इस्तेमाल होगा जिससे पाइप से पाइप को जोड़ते समय कोई लीकेज नहीं रहेगा। इसके कारण पाइप लाइनों में लीकेज की समस्या करीब करीब समाप्त हो जायेगी। और उरई की जनता को शुद्ध पर जल मिल पाएगा। यह पूछे जाने पर इस योजना का कार्य 2 जनवरी 2028 में समाप्त हो रहा है। विधानसभा चुनाव 2027 में है ऐसे में सरकार और जनप्रतिनिधियों का आपके विभाग पर क्या दबाव है। इस पर दोनों अधिकारियों ने बताया की सरकार और जनप्रतिनिधियों का दबाव है कि यह योजना किसी तरह 2027 में पूरी हो जाए लोगों को पेयजल मिलने लगे इसलिए हम लोग भी युद्ध स्तर पर काम में जुटे हुए हैं। बीच-बीच में मजदूर की समस्या आती है वरना इस कार्य को हम समय से पहले भी पूरा कर सकते हैं।

# प्रशासनिक सुदृढ़ीकरण की दिशा में डीएम ने किया अधिकारियों का फेरबदल

## कार्यकुशलता बढ़ाने व जनहित को प्राथमिकता देते हुए जिम्मेदारियों में बदलाव

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** जनपद जालौन में प्रशासनिक कार्यों को और अधिक प्रभावी एवं जनोन्मुख बनाने की दिशा में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने उप जिलाधिकारियों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार, वर्तमान में उप जिलाधिकारी (न्यायिक), उरई के पद पर तैनात विनय कुमार मौर्य को अब उप जिलाधिकारी/उप जिला मजिस्ट्रेट, माधौगढ़ के रूप में नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, उप जिलाधिकारी/उप जिला मजिस्ट्रेट, माधौगढ़ के पद पर कार्यरत राकेश कुमार सोनी को स्थानांतरित करते हुए उप जिलाधिकारी (न्यायिक), उरई के पद पर नियुक्त किया गया है।

जिलाधिकारी ने कहा कि यह फेरबदल प्रशासनिक कार्यों में गति, पारदर्शिता और बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से किया गया है, जिससे आमजन की समस्याओं का समाधान और अधिक प्रभावी ढंग से सुनिश्चित किया जा सके ।जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने नवीन कार्यभार को तत्काल ग्रहण करते हुए शासन की मंशा के अनुरूप जनहित के कार्यों को प्राथमिकता दें तथा क्षेत्रीय स्तर पर कानून-व्यवस्था एवं राजस्व कार्यों में गुणवत्ता और संवेदनशीलता बनाए रखें।

# जनगणना-2027 की तैयारी को मिली रफ्तार, डीएम ने खुद संभाली कमान

## स्वगणना अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान, सुपरवाइजरों व प्रगणकों को दिए व्यावहारिक प्रशिक्षण के दिए गुर

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** तहसील जालौन में जनगणना-2027 की प्रशिक्षण को धार देते हुए राजेश कुमार पाण्डेय व विनय कुमार सिंह की उपस्थिति में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने स्वयं प्रशिक्षण की कमान संभालते हुए सुपरवाइजरों एवं प्रगणकों को जनगणना कार्य की बारीकियों से अवगत कराया। प्रशिक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संकलन नहीं, बल्कि देश की योजनाओं और नीतियों की मजबूत नींव है। उन्होंने 7 मई से 21 मई के बीच आयोजित होने वाले स्वगणना अभियान को सफल बनाने के लिए सभी कर्मियों को अधिक से अधिक लोगों को इस प्रक्रिया से जोड़ने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया, ताकि जनभागीदारी के माध्यम से सटीक एवं पारदर्शी आंकड़े प्राप्त हो सकें ।जिलाधिकारी ने विशेष रूप से हाउस लिस्टिंग एवं भवन सूचीकरण (एचएलबी) के लेआउट तैयार करने में बरती जाने वाली सावधानियों को विस्तार से समझाया। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक प्रविष्टि पूरी सतर्कता और शुद्धता के साथ की जाए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की त्रुटि की संभावना न रहे। कार्यक्रम में गौरव कुमार, नायब तहसीलदार सहित अन्य फील्ड ट्रेनरों ने भी प्रशिक्षण में सहभागिता करते हुए प्रगणकों को व्यवहारिक जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षण सत्र में जनगणना कार्य को प्रभावी, पारदर्शी और त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराने पर विशेष बल दिया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से जनपद में जनगणना-2027 के सफल क्रियान्वयन की दिशा में एक सशक्त और व्यवस्थित शुरुआत सुनिश्चित की गई।

# भीषण गर्मी में जनगणना कर्मियों की सुरक्षा सर्वोपरि : डीएम

## - फील्ड कार्य के दौरान हीट वेव से बचाव हेतु जारी की सख्त एडवाइजरी, स्वास्थ्य इंतजाम पुख्ता करने के निर्देश

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** जनपद में आगामी जनगणना-2027 के फील्ड कार्य को सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने हीट वेव को देखते हुए व्यापक एडवाइजरी जारी कर दी है। उन्होंने कहा कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य में लगे प्रत्येक प्रगणक एवं पर्यवेक्षक की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है ।जिलाधिकारी ने कह कि प्रदेश स्तर पर जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार 22 मई से 20 जून 2026 तक जनगणना का प्रथम चरण 'मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना' संचालित होना है, जिसमें बड़ी संख्या में कार्मिक घर-घर जाकर कार्य करेंगे। ऐसे में भीषण गर्मी और लू के प्रभाव को देखते हुए कार्य व्यवस्था में आवश्यक बदलाव किए गए हैं। उन्होंने निर्देशित किया कि फील्ड कार्य का समय इस प्रकार निर्धारित किया जाए कि अत्यधिक तापमान से बचाव हो सके। सुबह 8 बजे से पूर्व तथा शाम 4 बजे के बाद ही कार्य कराए जाएं। प्रशिक्षण कार्यक्रम भी सुबह के समय आयोजित किए जाएं, ताकि कार्मिकों को गर्मी से राहत मिल सके। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि फील्ड में कार्यरत कर्मियों को हीट वेव से बचाव के लिए आवश्यक जागरूकता प्रदान की जाए। पर्याप्त मात्रा में पानी पीना, सिर ढककर कार्य करना और धूप में अनावश्यक रूप से न रुकना जैसे उपायों का पालन सुनिश्चित कराया जाए। इसके साथ ही मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया गया है कि जनपद में आवश्यकतानुसार ओआरएस, पेयजल एवं प्राथमिक उपचार सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित रहे। किसी भी आपात स्थिति में त्वरित चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित करते हुए प्रभावी व्यवस्था बनाई जाए ।जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना कार्य की सफलता तभी संभव है जब इसमें लगे प्रत्येक कार्मिक सुरक्षित और स्वस्थ रहे। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि एडवाइजरी का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए जनगणना कार्य को पूरी जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ संपन्न कराया जाए।

# ग्राम पंचायत हाजीपुर को दीमक की तरह चाट डाला ग्राम पंचायत सचिव ने

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का फरमान है कि भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश को बनाया जाय तो वहीं दूसरी ओर सपा मानसिकता से परे कुठौंद विकास खंड क्षेत्र की लगभग आठ ग्राम पंचायतों का कार्यभार संभाल रहे ग्राम विकास अधिकारी जयसिंह यादव गंभीर भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे दिखाई दे रहे हैं।

इस संबंध में ग्राम पंचायत हाजीपुर की ग्राम प्रधान देवकन्या ने ग्राम विकास अधिकारी जयसिंह यादव पर गंभीर आरोप लगाते हुए प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री को शिकायती पत्र लिखकर शासन स्तर से सचिव के खिलाफ जांच कराकर कार्यवाही की मांग की गयी थी। ग्राम प्रधान देवकन्या पत्नी भगवत सिंह ने मंत्री जी को भेजें शिकायती पत्र में आरोप लगाया था कि मनरेगा 2024-25 में कोई पक्का कार्य नहीं हुआ है क्योंकि सचिव ने उनके कहने पर भी कोई इस्टीमेट नहीं बनवाया तथा ग्राम पंचायत की कभी भी खुली बैठक नहीं बुलाई गयी और न ही गौपालक को 15 महीने मानदेय तक वितरित नहीं किया गया। ग्राम विकास अधिकारी जयसिंह यादव जो कि पूर्व में विकास खंड महेवा की ग्राम पंचायत दमरास में तैनात रहे जहां पर इतना भ्रष्टाचार किया कि उन्हें निलंबित भी किया गया था ।इस समय वर्तमान में कुठौंद विकास खंड की लगभग आठ ग्राम पंचायतों की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं जिनमें ग्राम पंचायत हाजीपुर, मिहोना, बावली, दौलतपुर, बिजुआपुर, तौलकपुर, फारेन, भोजापुर शामिल हैं। सूत्रों की अगर मानें तो ग्राम पंचायत बावली में वर्तमान सचिव जयसिंह यादव ने तिरपाल के नाम पर फर्जी तरीके से एक लाख 01 हजार 859 रुपए का भुगतान निकाल लिया जिसका बैंक खाता संख्या 1252 तथा आईएफ एससी कोड के 852 है। सूत्रों की अगर मानें तो ग्राम पंचायत बावली में फर्जी हेडपंप लगा दर्शा कर लाखों रुपए सरकारी धन के हड़प डाले हैं। इस संबंध में ग्राम प्रधान हाजीपुर का आरोप है कि ग्राम पंचायत सचिव के भ्रष्टाचार की जांच के आदेश प्रदेश सरकार के मंत्री जयवीर सिंह द्वारा डीएम को दिये गये थे जिस पर जिलाधिकारी ने मामले की डीपीआरओ को सौंपी गयी मगर डीपीआरओ की मिली भगत के चलते मंत्री के जांच आदेश की रद्दी की टोकरी में डाल दिया गया और जांच ठंडे वस्ते डाल रखा है।

- मंत्री के आदेश को भी डीपीआरओ ने डाल रखा रद्दी की टोकरी में
- भ्रष्टाचार में लिप्त सचिव को बढ़ावा दे रहे डीपीआरओ
- कुठौंद विकास खंड की आठ ग्राम पंचायतों की जिम्मेदारी संभाल रखी है भ्रष्टाचार में लिप्त सचिव ने

# विकास भवन में तैनात कर्मचारी ने फांसी लगा की आत्महत्या

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** विकास भवन के कर्मचारी हरिसिंह राठौर ने बीती रात कमरें के अंदर संदिग्ध अवस्था में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उक्त मामला उरई की राजकीय कालौनी का बताया जा रहा है। मृतक हरिसिंह राठौर सीडीओ कार्यालय में नाजिर के पद पर तैनात था। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तो वहीं मृतक के परिवार में मातम छाया हुआ है

# संदिग्ध परिस्थितियों में बार्ड बाय का शव नाले में मिलने से फैली सनसनी

## जिला अस्पताल में बार्ड बाय के पद पर तैनात था मृतक

(यंग भारत न्यूज)



**उरई ( जालौन )।** जिला चिकित्सालय उरई में बार्ड बाय के पद पर तैनात राघवेंद्र शर्मा निवासी आफिसर कालौनी उरई गत 29 अप्रैल से लापता था जिसका शव आफिसर कालौनी के नाले में पड़ा मिला। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तो वहीं मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है।

बताते चलें कि मृतक राघवेंद्र शर्मा के पिता भूरे शर्मा भी जिला अस्पताल में बार्ड बाय के पद पर तैनात थे जिनकी ड्यूटी के दौरान आकस्मिक मृत्यु के बाद उनके पुत्र राघवेंद्र शर्मा को नौकरी मिली थी जबकि मृतक की मां जिला महिला अस्पताल में बार्ड के पद पर तैनात हैं।

# न्यायालय के समय में परिवर्तन किया जिलाधिकारी ने

(यंग भारत न्यूज)

**उरई ( जालौन )।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के पत्र 31 ।05 ।2019 में निर्गत निर्देशानुसार विगत वर्षों की भाँति वर्ष 2026 में जिलाधिकारी एवं उनके अधीनस्थ समस्त न्यायालयों, फौजदारी एवं राजस्व अभिलेखागार, कलेक्ट्रेट, उरई का कार्य समय 01 ।05 ।2026 से 30 ।06 ।2026 तक की अवधि में प्रात: 07:00 से अपरान्ह 01:00 बजे तक निर्धारित किया जाता है जिसमें 'टी ब्रेक / लंच, रेसिस' प्रात: 10 ।30 बजे से 11 ।00 बजे तक होगा।

यह आदेश जिलाधिकारी कार्यालय, जनपद के समस्त कार्यालयों, कोषागार, उप कोषागारों एवं उप निबन्धक कार्यालयों पर लागू नहीं होगा। उनका कार्य समय यथावत् प्रात: 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक ही रहेगा।

# अपना दल (एस) जिला कार्यालय पर धूमधाम से भगवान बुद्ध का जन्मोत्सव मनाया गया

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** अपना दल (एस) के जिला कार्यालय पर भगवान बुद्ध की जयंती (बुद्ध पूर्णिमा) अत्यंत श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। जिला अध्यक्ष अनिल कुदारी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने भगवान बुद्ध के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अनिल कुदारी ने कहा कि भगवान बुद्ध का जीवन और उनके उपदेश पूरी मानवता के लिए कल्याणकारी हैं। उन्होंने कहा, 'बुद्ध ने दुनिया को शांति, करुणा और समानता का मार्ग दिखाया है। हमारा प्रयास है कि हम उनके विचारों को आत्मसात कर समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य करें। बैठक में बृजनारायण बब्बू प्रधान अटा प्रतिनिधि कैबिनेट मंत्री, रोहित राठौर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जितेंद्र कुशवाह पत्रकार जिलाध्यक्ष आईटी मंच, प्रांजुल पटेल जिलाध्यक्ष छात्रमंच, उस्मान अंसारी जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मंच, रामबाबू कुशवाहा जॉन अध्यक्ष उरई ग्रामीण, अनिल लुहारी जिला कार्यकारिणी सदस्य, हेमंत लंबरदार, गजेन्द्र कुशवाहा जिला उपाध्यक्ष युवा मंच आदि उपस्थित रहे पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने तथागत के सिद्धांतों पर चलने और समाज में भाईचारा बनाए रखने का संकल्प लिया। इस दौरान पार्टी के अनेक वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत पर डीएम की पैनी नजर, सीएचसी जालौन का औचक निरीक्षण

## हेल्थ एटीएम व अल्ट्रासाउंड सेवाएं जल्द सुचारु करने के निर्देश, मरीजों से सीधे संवाद कर जाना हाल

(यंग भारत न्यूज)



**उरई ( जालौन )।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जालौन का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी स्थिति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने अस्पताल परिसर में मौजूद मरीजों एवं उनके तीमारदारों से सीधे संवाद स्थापित कर उपचार, दवाइयों की उपलब्धता एवं अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। मरीजों ने बताया कि उन्हें आवश्यक दवाइयां नि:शुल्क उपलब्ध हो रही हैं और चिकित्सकों द्वारा समुचित उपचार भी प्रदान किया जा रहा है। इस दौरान परिसर में स्थापित हेल्थ एटीएम की स्थिति का भी निरीक्षण किया गया। मशीन के पूर्ण रूप से क्रियाशील न होने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इसे दो दिवस के भीतर पूर्णतः संचालित किया जाए, ताकि मरीजों को त्वरित जांच की सुविधा मिल सके।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध अल्ट्रासाउंड मशीन का उपयोग रेडियोलॉजिस्ट के अभाव में न हो पाने की स्थिति पर जिलाधिकारी ने तत्काल संज्ञान लेते हुए निर्देश दिए कि सप्ताह में दो दिन के लिए रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती सुनिश्चित की जाए, जिससे मरीजों को बाहरी केंद्रों पर निर्भर न रहना पड़े और उन्हें स्थानीय स्तर पर ही बेहतर जांच सुविधा मिल सके। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि अस्पताल में सभी मूलभूत सुविधाएं निरंतर उपलब्ध रहें और मरीजों को समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार सुनिश्चित किया जाए।

प्रशासन का लक्ष्य है कि प्रत्येक नागरिक को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ हों और किसी को भी अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी जालौन हेमन्त पटेल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी बीरेंद्र सिंह सहित सम्बंधित अधिकारी व चिकित्सक मौजूद रहे।

# राम स्वरुप रावत इंटर कालेज में मेधावी छात्र छात्राओ को किया गया सम्मानित

(यंग भारत न्यूज)



**कोंच** नगर के एट रोड स्थित रामस्वरूप रावत इंटर कालेज में मेधावी छात्र-छात्राओ को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक मूलचन्द्र निरंजन मौजूद रहे जव कि विशिष्ट अतिथि के रूप में पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता और डॉ। विनोद पांडेय ने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया।समारोह का शुभारंभ मंचस्थ अतिथिओ ने माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम को सांस्कृतिक गरिमा प्रदान की। इसके बाद यूपी बोर्ड हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को मंच पर बुलाकर सम्मानित किया गया।हाईस्कूल वर्ग में लवी कुशवाहा, रितेश, स्नेहा, इशिका, ध्रुव, शिल्पी यादव, संस्कार शुक्ल, नंदिनी, श्रृष्टि, आयुष और हर्ष को सम्मानित किया गया। वहीं इंटरमीडिएट वर्ग में स्नेहा यादव, निखिल पटेल, स्नेहा नायक, अंकित, अंशिका शिवहरे, अभिनय और प्रियंका पटेल को सम्मान मिला।मुख्य अतिथि विधायक मूलचन्द्र निरंजन ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता निरंतर परिश्रम और अनुशासन का परिणाम होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।विशिष्ट अतिथि पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता और डॉ। विनोद पांडेय ने भी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें निरंतर मेहनत करने का संदेश दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पंडित लल्लूराम मिश्रा ने की, जबकि संचालन विद्यालय के प्रबंधक विजय रावत ने किया।इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक प्रधानाचार्य ब्रजेन्द्र झा, उपप्रधानाचार्य सचिन झा,अमरेंद्र दुबे, पुनीत निरंजन, अमित तिवारी, प्रमोद, अशोक, राघवेंद्र तिवारी, संजय रावत, गौरव तिवारी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# कोंच में फिर पकड़ा गया गांजा एक तशकर गिरफ्तार

(यंग भारत न्यूज)

**कोंच** कोतवाली पुलिस ने युवक को उस समय दबोच लिया जव वह गांजा एवं नशीली गोलिया लिए पहाड़गांव रोड स्थित पैट्रोल पंप के पास खड़ा था।जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला आराजीलेन निवासी मोहित जाटव पुत्र चन्द्रशेखर जाटव 15 ग्राम गांजा एवं नशे की गोलियां लेकर पहाड़गांव रोड स्थित पैट्रोल पंप पर खडा था।जव इसकी सूचना पुलिस को लगी तो गस्त में मशगूल उपनिरीक्षक सुरही चौकी प्रभारी अभिषेक कुमार एवं सागर चौकी प्रभारी सुमित पांडेय बगैर देरी किए बताए गए स्थान पर पहुंचे वहां खडा मोहित पुलिस को देखकर भागने लगा तो पुलिस ने उसे दबोच लिया।पुलिस ने मोहित के पास से लगभग 15 ग्राम गांजा व नशे की टेबलेट बरामद की।पकडे गए अभियुक्त के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस में मुकदमा कर जेल भेज दिया।

# सिकरीराजा के ग्रामीणों ने लो-वोल्टेज की समस्या को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

(यंग भारत न्यूज)



**उरई ( जालौन )।** विकास खंड जालौन क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले ग्राम सिकरीराजा में बिजली के लो-वोल्टेज की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर जिलाधिकारी को ज्ञापन भेंट कर समस्या को हल किये जाने की मांग उठाई।

विकास खंड जालौन के सिकरी राजा के ग्रामीण अमित कुमार सिंह राजावत, बब्बू राजा चौधरी, हरेन्द सिंह, अनिल निरंजन, हरसेंद्र सिंह, आर्दश राजावत, सुनील पाल, नेमसिंह ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को ज्ञापन देते हुए बताया कि गांव में विद्युत बोल्टेज बहुत कम आ रहा है जबकि पावर हाउस उदोतपुरा में बनाया गया है उन्होंने बताया कि कम बोल्टेज मिलने की बजह से आठ नलकूप की मोटरें जल गयी है। उन्होंने बताया कि ग्राम सिकरी राजा में दीपक कुमार मिश्रा जूनियर विद्यालय से रघुराज इंटर कालेज तक पतली लाइन डाली है उस स्थान पर मोटी केबिल डलवाई जाने के अलावा बिजली की समस्या को दूर किये जाने की मांग जिलाधिकारी से ग्रामीणों ने उठाई है।

# शुभि ज्वैलर्स 'पर पत्रकारों ने मनाई नारद जयंती उनके आदर्श आत्मसात करने का लिया संकल्प

(यंग भारत न्यूज)




**कोंच** पत्रकारों ने ज्येष्ठ कृष्ण द्वितीया शनिवार को 'आदि पत्रकार' देवर्षि नारद की जयंती पूरी आस्था के साथ मनाई और लोक कल्याण के उनके आदर्शों पर चलने का प्रयास करने का संकल्प लिया। देवर्षि नारद के चित्र पर पूजन अर्चन एवं माल्यार्पण कर उपस्थित पत्रकारों ने उनके श्रीचरणों में नमन किया।

'शुभि ज्वैलर्स' पर संयोजित देवर्षि नारद की जयंती पर वैदिक रीति से उनके चित्र का पूजन-अर्चन किया गया।गोष्ठी को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पत्रकार पुरुषोत्तमदास रिछारिया ने कहा, आदि पत्रकार देवर्षि नारद का प्राकट्य ही व्यापक लोक कल्याण के लिए हुआ है। उन्होंने पत्रकारों को इंगित करते हुए कहा, समाज में व्याप्त कुरीतियों और सामाजिक अव्यवस्थाओं के खिलाफ अपनी कलम पूरी जोरदारी के साथ चलाएं लेकिन यह भी ध्यान रखें कि लेखन में अति रंजना का समावेश न हो और जिस प्रकार से देवर्षि नारद ने निर्लिप्त और निर्विकार भाव से व्यापक लोक कल्याण को सामने रख कर अपने कार्यों को अंजाम दिया ठीक उसी तरह पत्रकारों को भी सच्चाई के इर्द-गिर्द रह कर ही अपनी लेखनी चलानी चाहिए। वरिष्ठ पत्रकार संजय सोनी ने कहा, देवर्षि नारद वास्तव में ऐसे पत्रकार हैं जो समस्याओं को लेकर हमेशा संवेदनशील रहे और उनका निदान कराने के उपाय भी उन्होंने खोजे। जिस तरह से नारद अहंकार से दूर रह कर लोक कल्याण में निमग्न रहते हैं ठीक उसी प्रकार पत्रकारों को भी उनके अनुसार आचरण अपने में ढालने का प्रयास करना चाहिए। हरिश्चंद्र तिवारी ने भी पत्रकारिता के श्रेष्ठ मानदंडों को अक्षुण्ण बनाए रखने पर बल दिया। इस मौके पर पत्रकार तरुण निरंजन, रवि द्विवेदी, राहुल राठौर, दुर्गेश कुशवाहा, विवेक द्विवेदी, आलम खान, पवन अग्रवाल, शुभम तिवारी,अरूण पटेल के अलावा वरिष्ठ समाजसेवी एवं धर्मादा रक्षिणी सभा के नामित सदस्य शैलेष सोनी, राजकुमार यादव आदि उपस्थित रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में कुठौन्द में नहर की बम्बी में मिला वृद्ध का शव, क्षेत्र में मची सनसनी

(यंग भारत न्यूज)



**उरई ( कुठौन्द ), 02 मई 2026।** थाना कुठौन्द क्षेत्र के कस्बा कुठौन्द में शनिवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब नहर कोठरी के पास स्थित एक बम्बी में एक वृद्ध का शव पड़ा मिला। स्थानीय लोगों द्वारा दी गई सूचना पर पुलिस प्रशासन तत्काल हरकत में आया और मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल शुरू की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुबह करीब 10:00 बजे थाना कुठौन्द पुलिस को सूचना मिली कि नहर किनारे एक अज्ञात शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी जालौन तथा थाना कुठौन्द पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर उसकी शिनाख्त कराने का प्रयास किया। कुछ ही देर में शव की पहचान देव सिंह (उम्र लगभग 75 वर्ष) पुत्र देव सिंह निवासी ग्राम टिकरी मुस्तकिल, थाना सिरसाकलार, जनपद जालौन के रूप में हुई। मृतक के पुत्र गोविन्द सिंह ने मौके पर पहुंचकद्धर शव की पहचान अपने पिता के रूप में की। उन्होंने बताया कि उनके पिता शराब पीने के आदी थे और पिछले करीब चार दिनों से घर से लापता थे। घटना की सूचना मिलते ही फील्ड यूनिट भी मौके पर पहुंची और आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने पंचायतनामा की कार्यवाही पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी है और मौत के कारणों का पता लगाने के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। इस घटना से क्षेत्र में शोक और सनसनी का माहौल बना हुआ है।

# एसपी ने किया कैलिया थाने का औचक निरीक्षण

## वांछित अपराधियो को शीघ्र। गिरफ्तार कर जेल भेजे-एसपी विनय कुमार

(यंग भारत न्यूज)



**कोंच** कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह फोर्म में नजर आ रही है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने सर्किल के थाना कैलिया का बीती रात औचक निरीक्षण किया जहां उन्होने प्रत्येक व्यवस्था को बारीकी से देखा।

पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह द्वारा थाना कैलिया का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने थाना कार्यालय के अभिलेखों, एचएस इंडेक्स, मिशन शक्ति केंद्र, महिला एवं साइबर हेल्प डेस्क,हवालात आदि का अवलोकन कर आईजीआरएस के निस्तरण की जानकारी हासिल की। निरीक्षण के दौरान एसपी ने अभिलेखों के सुव्यवस्थित रखरखाव पर संतोष जताते हुए उन्हें समय-समय पर अद्यावधिक किए जाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण और वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी में तेजी लाने पर विशेष जोर दिया।निरीक्षण के बाद पुलिस अधीक्षक ने थाना क्षेत्र के महत्वपूर्ण स्थानों पर स्थापित पुलिस पिकेट का भी निरीक्षण किया। इसके अलावा मध्य प्रदेश सीमा पर स्थित बैरियर ड्यूटी को चेक कर वहां तैनात पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने ड्यूटी पर मौजूद पुलिस कर्मियों को पूरी सतर्कता के साथ कार्य करने और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर बनाए रखने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि पर समय रहते कार्रवाई की जा सके।उन्होने कहा लापरवाही किसी भी सूरत पर बर्दाश्त नही की जाएगी।

# दिव्यांग ने लगाया विधुत विभाग पर गलत बिल भेजने का आरोप

(यंग भारत न्यूज)



**कोंच** तहसील क्षेत्र ग्राम बड़ी कैलिया निवासी एक दिव्यांग व्यक्ति ने बिजली विभाग पर गलत बिल भेजने का आरोप लगाते हुए एसडीएम ज्योति सिंह को शिकायती पत्र देकर मामले की जांच कराकर सही बिल जारी कराने की मांग की है।जानकारी के अनुसार ग्राम बड़ी कैलिया निवासी प्रमोद कुमार पुत्र श्रीलाल ने एसडीएम को दिए शिकायती पत्र देकर बताया कि उनका बिजली मीटर खराब हो गया था। जिसके चलते उन्होंने 12 अगस्त 2025 को मीटर बदलवाया था। आरोप है कि नया मीटर लगने के बाद उनके बिजली बिल में भारी बढ़ोतरी हो गई और हर माह लगभग 10 हजार रुपये का बिल भेजा जा रहा है। पीड़ित का कहना है कि उनके घर में इतना विद्युत लोड भी नहीं है, जिस कारण इतना अधिक बिल आ सके। उन्होंने बताया कि वह दिव्यांग हैं और आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण इतना अधिक बिल जमा कर पाना संभव नहीं है।शिकायतकर्ता ने यह भी बताया कि उन्होंने इस संबंध में 17 जनवरी 2026 को तहसील दिवस कोंच में भी प्रार्थना पत्र दिया था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। प्रमोद कुमार ने प्रशासन से मांग की है कि विद्युत विभाग को निर्देशित कर मीटर और बिल की जांच कराई जाए तथा वास्तविक खपत के अनुसार सही बिल जारी किया जाए, ताकि वह बकाया बिल जमा कर सकें।वही इस मामले में एसडीएम ज्योति सिंह ने तत्काल विद्युत एसडीओ धर्मेंद्र कुमार को समस्या के समाधान के निर्देश दिए, वहीं एसडीओ विद्युत धर्मेंद्र कुमार ने पीड़ित को मामले की जांच कर समाधान करने का आश्वासन दिया है।

# जनसेवा का सशक्त मंच बना सम्पूर्ण समाधान दिवस, हर फरियाद पर त्वरित कार्रवाई

(यंग भारत न्यूज)



**उरई ( जालौन )।** तहसील जालौन में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस जनसेवा, संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई का प्रभावी उदाहरण बनकर सामने आया। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 57 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 13 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए गए।

- राजेश कुमार पाण्डेय व विनय कुमार सिंह की मौजूदगी में 57 शिकायतों की सुनवाई, 13 का मौके पर निस्तारण क्रासर-
- बुजुर्ग महिला को राहत, आयुष्मान कार्ड वितरण व टीबी मरीजों को पुष्टाहार से संवेदना का संदेश

इस दौरान प्रशासन की मानवीय संवेदनशीलता उस समय देखने को मिली, जब लगभग 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला कामना देवी ने अपना राशन कार्ड बनवाने की गुहार लगाई। जिलाधिकारी ने तत्काल जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित करते हुए उनके राशन कार्ड का शीघ्र निर्माण सुनिश्चित करने को कहा, जिससे उन्हें शासन की खाद्य सुरक्षा योजनाओं का लाभ मिल सके। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी पात्रों तक पहुंचाया गया। 70 वर्ष से अधिक आयु के 18 लाभार्थियों को प्रधानमंत्री वय वंदना योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए, जिससे उन्हें स्वास्थ्य सुरक्षा का संबल प्राप्त होगा। इसके साथ ही 2 दिव्यांगजनों को प्रमाण पत्र प्रदान कर उन्हें विभिन्न योजनाओं से जोड़ने की दिशा में पहल की गई। नि:क्षय मित्रों द्वारा 05 क्षयरोगियों को पुष्टाहार पोटली वितरित की गई, जो उनके स्वास्थ्य सुधार और पोषण सुदृढ़ीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यह पहल टीबी मुक्त समाज के निर्माण के संकल्प को और मजबूत करती है। सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रशासन की सक्रियता, जवाबदेही और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई, जहां हर फरियाद को गंभीरता से लेकर समाधान सुनिश्चित करने का भरोसा आमजन को मिला। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील परिसर में तीन कैम्प के माध्यम से जन कल्याणकारी योजनाओं का सफल संचालन, दिव्यांग प्रमाण पत्र कैम्प, आयुष्मान आरोग्य योजना कैम्प, पोषण पोटली (निक्षय मित्र) वितरण कैम्प भी लगाया गया जिसमे आम नागरिकों को लाभ दिया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, उप जिलाधिकारी हेमन्त पटेल, उप जिलाधिकारी न्यायिक विशेश्वर यादव, सीओ शैलेन्द्र बाजपेयी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी बीरेंद्र सिंह, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी, आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# एसडीएम की अध्यक्षता में लेखपाल कक्ष में हुआ तहसील समाधान दिवस का आयोजन

## मौके पर आई 19 शिकायतो में 5 का हुआ मौके पर निस्तारण

(यंग भारत न्यूज)



**कोंच** तहसील स्थित लेखपाल कक्ष में शनिवार को आयोजित तहसील समाधान दिवस में फरियादियों की खासी भीड़ उमड़ी। तहसील सभागार में हुए इस जनसुनवाई कार्यक्रम में कुल 19 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें पुलिस विभाग से संबंधित 3, राजस्व विभाग की 7, विकास विभाग की 2,विधुत विभाग की 3 तथा अन्य की 4 शिकायतें दर्ज की गयी। इनमें से 5 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतो को संबंधित विभागों के अधिकारियों को सौंपते हुए शीघ्र समाधान के निर्देश दिए गए। तहसील समाधान दिवस की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह ने की। उन्होंने एक-एक फरियादी की समस्या को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी मामलों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनसुनवाई में आने वाली शिकायतों को हल्के में न लिया जाए और प्रत्येक प्रकरण की निष्पक्ष जांच की जाए।समाधान दिवस में ग्राम कैलिया निवासी विद्या रानी ने शिकायत दर्ज कराते हुए कहा कि उनके खेत तक जाने वाले रास्ते पर एक पेड़ खड़ा है, जिसे कुछ ग्रामीण काटने नहीं दे रहे हैं। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि चकरोड पर कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया है, जिससे किसानों को अपने कृषि यंत्र ले जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और विवाद की स्थिति बन रही है।वहीं मुहल्ला जवाहर नगर निवासी धनश्याम ने आरोप लगाया कि चमरसेना रोड स्थित उनके प्लॉट पर कुछ लोग कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। विरोध करने पर आरोपी झगड़े पर उतारू हो जाते हैं। उन्होंने प्रशासन से सुरक्षा और न्याय की मांग की।एसडीएम ने दोनों मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।इस मौके पर नायब तहसीलदार वैभव गुप्ता, जितेंद्र सिंह, एसडीओ धर्मेंद्र कुमार,नगर पालिका आरआई सुनील यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शादी वाले दिन ही दूल्हा आजाद बिंद को मारी गई 3 गोली, फिर सामने आई दुल्हन के रिश्तेदार प्रदीप वाली कहानी

( यंग भारत न्यूज )

**जौनपुर।** प्रदेश के जौनपुर जिले से एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। खेतासराय थाना क्षेत्र में दूल्हा बना आजाद बिंद कार में बैठकर शादी के लिए जा रहा था। आजाद की गाड़ी के पीछे सभी बाराती बैंड बाजे पर झूमते नाचते जा रहे थे।

तभी घर से कुछ ही दूरी पर बाइक सवार दो बदमाशों ने तीन राउंड फायरिंग करते हुए हुए आजाद क हत्या कर दी। इस हत्याकांड के बाद शादी की सारी खुशियां एक पल में मातम में बदल गईं। पुलिस की जांच में खुलासा हुआ है कि इस हत्या का असली मास्टरमाइंड दुल्हन का एक रिश्तेदार प्रदीप है जो इस शादी से नाराज बताया जा रहा था।



### दूल्हे की चलती कार पर अंधाधुंध फायरिंग

सरायख्वाजा के रहने वाले आजाद बिंद की शादी बीबीपुर गांव में तय हुई थी। शाम को धूमधाम से बारात निकली। लेकिन मनेच्छा बादशाही मार्ग पर अचानक चीख-पुकार मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाइक सवार दो नकाबपोश बदमाशों ने कार के सामने से आकर निशाना साधते हुए तीन राउंड फायरिंग की। गोली लगने के बाद कार में हड़कंप मच गया और आरोपी मौके से फरार हो गए। हमले के तुरंत बाद खून से लथपथ आजाद को अस्पताल ले जाया गया। लेकिन जख्म इतने गहरे थे कि उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। कार में मौजूद चश्मदीदों ने बताया कि गोली लगने के बाद आजाद को अपनी मौत का अहसास हो गया था और वह बार-बार कह रहा था कि वह नहीं बचेगा।

### 2 दिन पहले मिली थी धमकी

इस हत्याकांड के बाद मृतक की बहन ने बड़ा खुलासा किया है। उसने बताया कि दो दिन पहले ही आजाद को धमकी मिली थी कि शादी में बवाल होगा। यहां तक कि मां ने पुलिस को सूचना देने की बात भी कही थी। लेकिन परिवार को लगा कि लड़की पक्ष के लोग साथ होंगे तो सब ठीक रहेगा। पिता राम लखन ने भी बताया कि तीन साल पहले भी उनके परिवार पर हमला कर हाथ-पैर तोड़ने की कोशिश की गई थी।


### एकतरफा सनक ने ली जान?

एसपी कुंवर सिंह ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि हत्या की वजह शादी से नाराजगी थी। पुलिस के मुताबिक, लड़की के एक रिश्तेदार प्रदीप ने अपने साथी रवि के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया। प्रदीप इस शादी के खिलाफ था और इसी खुन्नस में उसने आजाद को रास्ते से हटा दिया। फिलहाल पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कई टीमें गठित की गई हैं और पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। इस घटना के बाद से दोनों परिवारों में कोहराम मचा हुआ है और गांव में भारी पुलिस बल तैनात है।

# इटावा में मां-बेटे की मौत से गांव में मचा हड़कंप

( यंग भारत न्यूज )

**इटावा।** जिले के लवेदी थाना क्षेत्र के चिंडोली गांव में शुक्रवार शाम को एक ही परिवार में दो मौतों ने पूरे गांव में हड़कंप मचा दिया। मां और बेटे की मृत्यु के बाद क्षेत्र में शोक और अफरा-तफरी का माहौल बन गया।



एक समाचार रिपोर्ट के अनुसार, किसान सटार सिंह अपने परिवार के साथ नए मकान में रहते थे, जबकि उनका पुराना मकान पास में ही था। शुक्रवार शाम लगभग पांच बजे, उनकी पत्नी 55 वर्षीय गुड्डी देवी पुराने मकान में जानवरों को चारा देने गई थीं। जब वह काफी देर तक वापस नहीं लौटीं, तो परिवार को चिंता होने लगी। रिपोर्ट के अनुसार, गुड्डी देवी ने पुराने मकान के एक कमरे में अपने 21 वर्षीय बेटे विवेक सिंह का शव पाया। बेटे की इस स्थिति को देखकर गुड्डी देवी गहरे सदमे में चली गईं। कहा जाता है कि बेटे की मौत का दृश्य देखकर वह खुद को संभाल नहीं सकीं और कुछ ही समय बाद अपनी साड़ी के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। जब दोनों घर नहीं लौटे, तो पति सटार सिंह पुराने मकान की ओर गए। वहां पहुंचते ही उन्होंने बेटे और पत्नी दोनों के शव देखे, जिससे वह सदमे में आ गए। परिवार में चीख-पुकार मच गई और गांव के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। ग्रामीणों का कहना है कि मां बेटे की मौत का सदमा सहन नहीं कर पाईं और इसी कारण उन्होंने आत्मघाती कदम उठाया। सूचना मिलने पर पुलिस को बुलाया गया। लगभग एक घंटे बाद लवेदी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। फोरेंसिक टीम ने भी आवश्यक साक्ष्य जुटाए। विवेक सिंह मजदूरी करता था। उसकी शादी लगभग छह महीने पहले एटा जिले के खरफुलिया गांव में तय हुई थी और नवंबर में विवाह होना था। परिवार में उसका एक भाई विकास है, जो लखना में रहता है, जबकि उसकी दो बहनों की शादी पहले ही हो चुकी है। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि विवेक अपनी तय शादी को लेकर खुश नहीं था, जिससे घर में तनाव था। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजह स्पष्ट हो सकेगी।

# 'मैं सेहरा बांध के आऊंगा, वादा है...', बारात लेकर जा रहा था दूल्हा, 2 बदमाशों ने रास्ते में ही कर दिया मर्डर, सदमे में दुल्हन

( यंग भारत न्यूज )

**जौनपुर।** प्रदेश के जौनपुर में सर पर शादी का शेहरा बांधकर बारात लेकर जा रहे दूल्हे की गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी गई। अपाचे बाइक सवार 2 अज्ञात बदमाशों ने दूल्हे की कार को रोककर इस घटना को अंजाम दिया।



पेट और मुंह में गोली लगने से दूल्हा लहूलुहान हो गया। आनन फानन में पुलिस और बरातियों की मदद से उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया, दूल्हे की मौत के बाद दोनों घरों में शादी की खुशियों की जगह मातम पसर गया है। फिलहाल, पुलिस शव को कब्जे में लेते हुए हत्या के कारणों का पता लगाने में जुट गई है। दरअसल, ये घटना शुक्रवार की शाम की है। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र निवासी आजाद बिंद की शादी खेतासराय थाना क्षेत्र के बीबीपुर गांव निवासी सोनी बिंद के सात तय हुई थी। शुक्रवार शाम दूल्हा बारात लेकर शादी करने जा रहा था। बारात बीबीपुर गांव में पहुंचने ही वाली थी कि इसी बीच अज्ञात बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोलियों से उसे भून डाला।

### दूल्हे की कार रोकी फिर बरसाई गोलियां

बारात लेकर दूल्हा बीबीपुर गांव जा रहा था। गांव के थोड़ा पहले ही दूल्हे की कार जैसे पहुंची। अचानक बाइक सवार 2 नकाबपोश बदमाशों ने कार रोकवाकर दूल्हे पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। गोलियां लगते ही दूल्हा लहूलुहान होकर कार में गिर पड़ा। दूल्हे की कार के पीछे लगी बरातियों की अन्य गाड़ियां भी रुक हुई। गोलियों की आवाज सुनते ही हड़कंप मच गया।

### चिकित्सकों ने किया मृत घोषित

सूचना मिलते ही पुलिस की मदद से घायल दूल्हे को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। घटना के बाद दोनों घरों में शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। डीजे बंद कराया गया। बताया जा रहा है कि दहशत की वजह से अधिकांश बाराती घटनास्थल से ही वापस अपने घर लौट गए।

### छानबीन में जुटी पुलिस

दूल्हे की हत्या के बाद पुलिस इसके पीछे की असल वजह का पता लगाने के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज और कई कॉल डिटेल्स खंगालने में जुटी है। शादी के दिन ही फिल्मी अंदाज में दूल्हे की कार रोककर उसे मौत के घाट उतारना कथित तौर पर प्रेम प्रसंग से भी जोड़कर देखा जा रहा है। फिलहाल, हत्या की असल वजह पुलिस की जांच के बाद ही सामने आएगी। उधर दुल्हन का रो रोकर बुरा हाल है। बोली- उसने वादा किया था कि वो सेहरा बांधकर आएगा।

### मामले में क्या बोले एसपी

सूचना मिलते ही जौनपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह घटनास्थल पर पहुंचे। परिजनों से मुलाकात कर घटनाक्रम की जानकारी ली। इस हत्याकांड के खुलासे के लिए पुलिस की कई टीमों का गठन करते हुए शीघ्र अनावरण के निर्देश दिए गए हैं। एसपी का कहना है कि ये घटना अत्यंत ही दु:खद है किसी भी हाल में अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# जेल में कैदी के साथ प्यार कर बैठी टीचर, स्टडी रूम में कई बार बनाए 'संबंध'; हुआ खुलासा तो मच गया तहलका

( यंग भारत न्यूज )

बंद कैदियों को पढ़ाने के लिए रखी गई टीचर की नजर वहां बंद एक कैदी से लड़ गई। जल्द ही वह उसके प्यार में पड़ गई। वह उसे एक्स्ट्रा क्लास देने के बहाने अकेले में देर तक रोकने लगी। इस दौरान उस कैदी के साथ उसने कई बार यौन संबंध भी बनाए। दोनों में सब कुछ सही चल रहा था लेकिन इसकी भनक दूसरे कैदियों को लग गई। उन्होंने जेल प्रशासन को इस बारे में बताया। मामले की जांच हुई तो आरोप सही पाया गया। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में मुकदमा चलाया गया। अब अदालत ने कैदी के साथ यौन संबंध बनाने के आरोप में 36 साल की उस महिला शिक्षक को एक साल जेल की सजा सुनाई है।



डेली मिरर यूके की रिपोर्ट के मुताबिक, ब्रिटेन में रहने वाली केली डफी (36 वर्ष) पहले स्कूल में टीचर थी। मई 2024 में उसने स्कूल छोड़ दिया और विल्टशायर में बनी एचएमपी एर्लेस्टोक जेल में सहायक शिक्षक के रूप में काम करने लगी। आरोप है कि कैदियों को पढ़ाने के दौरान वह 38 वर्षीय कैदी एश्ले गुडरिज की ओर आकर्षित हो गई। दोनों में पहले नॉर्मल बातचीत शुरू हुई। जल्द ही वे प्यार में आ गए। रिपोर्ट के अनुसार, दोनों में कई बार किसिंग हुई और यौन संबंध भी बने। इस दौरान दोनों ने आई लव यू वाले मैसेज और फोटो भी एक दूसरे को बनाकर भेजे। दिलचस्प बात ये है कि इस संबंध के बारे में डफी ने जेल की लाइब्रेरियन को बताया। उसके भी दूसरे कैदी के साथ यौन संबंध थे। दोनों महिलाओं ने अपने प्यार के अनुभवों के बारे में खुलकर बात की और नई उम्र की लड़कियों की तरह खुलकर हंसी। कैदी के साथ फिजिकल रिलेशनशिप में होने के बावजूद डफी ने जेल की सुरक्षा को खतरे में नहीं डाला और जेल में कभी कोई प्रतिबंधित सामान लाने या ले जाने की कोशिश की नहीं की। इन सबके उसका भेद आखिरकार खुल गया और कोर्ट ने उसे एक साल की सजा सुना दी। जज क्रिस्टोफर पार्कर केसी ने कहा कि डफी एक मूर्खतापूर्ण मोह में पूरी तरह बह गई थीं। वह इस काम से जुड़े हुए जोखिमों को अच्छी तरह जानती थी। इसके बावजूद उसने गलत काम जारी रखा। अदालत ने डफी ने अपनी गलतियों को खुलकर स्वीकार किया और कहा कि उसे इस पर पछतावा है। उसने सजा माफी की अपील की, जिसे अदालत ने ठुकरा दिया। वहीं, इस मामले में कैदी एश्ले गुडरिज के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। उसने जेल में रूफिंग की ट्रेनिंग ली और ट्रैफिक मैनेजमेंट करना सीखा। वह अब रिहाई के बाद ईमानदारी से काम करने की तैयारी कर रहा है। वह भांग उत्पादन जैसे अपराद में जेल बंद है और तय अवधि से ज्यादा लंबी सजा भुगत चुका है।

# कौशांबी में शर्मनाक कांड : ऑपरेशन के दौरान स्टाफ ने खींची लड़की की प्राइवेट फोटो और इसके बाद....

( यंग भारत न्यूज )

**कौशांबी।** प्रदेश के कौशांबी जिले से एक मेडिकल कॉलेज को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। यहां इलाज के लिए भर्ती एक 22 साल की लड़की की सर्जरी के दौरान तस्वीरें खींचकर वायरल कर दी गईं। यह तस्वीरें तब खींची गईं जब लड़की ऑपरेशन थिएटर में बेहोशी की हालत में थी। फोटो खींचने वाला कोई और नहीं, बल्कि ऑपरेशन थिएटर में मौजूद स्टाफ में से ही कोई एक था। तस्वीरें कई व्हाट्सएप ग्रुप्स में वायरल होने के बाद अब इस मामले पर बवाल मच गया है और जांच शुरू हो गई है।

बेहोशी की हालत में खींची तस्वीरें



यह घटना 26 अप्रैल की बताई जा रही है। लड़की को स्त्री रोग से जुड़ी एक समस्या के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उसकी 'बार्थोलिन सिस्ट' की सर्जरी होनी थी। ऑपरेशन के दौरान जब लड़की बेहोश थी, तो ऑपरेशन थिएटर में मौजूद किसी शख्स ने अपने मोबाइल से उसकी तस्वीरें खींच लीं। बाद में ये तस्वीरें इंटरनेट पर वायरल हो गईं और किसी तरह लड़की के परिवार वालों तक पहुंच गईं। वायरल तस्वीरों में लड़की का चेहरा और निजी अंग साफ तौर पर दिख रहे थे। अपनी बेटी की इज्जत और प्राइवेसी के साथ हुए इस खिलवाड़ से परिवार बेहद गुस्से में है। उन्होंने अस्पताल मैनेजमेंट और पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज कराई है। परिवार का आरोप है कि ऑपरेशन थिएटर जैसी सुरक्षित जगह पर ऐसी घटना होना अस्पताल स्टाफ की गंभीर लापरवाही को दिखाता है। मामला सामने आने के बाद जिला प्रशासन और मेडिकल कॉलेज मैनेजमेंट ने जांच के आदेश दिए हैं। जांच टीम उस वक्त ऑपरेशन में शामिल डॉक्टरों, नर्सों और बाकी स्टाफ से पूछताछ कर रही है। पुलिस का कहना है कि दोषियों के खिलाफ आईटी एक्ट और महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के आरोप में सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस घटना को लेकर आम लोगों में भी काफी गुस्सा है। लोग मांग कर रहे हैं कि ऑपरेशन थिएटर में मौजूद सभी स्टाफ के मोबाइल फोन की जांच हो और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। इस मामले ने एक बार फिर सभी अस्पतालों में स्टाफ पर कड़ी निगरानी रखने की जरूरत पर जोर दिया है।

# कौन थीं सती-उन निसा जिनके मकबरे को संवारेगा एएसआई? मुमताज के शव के साथ बुरहानपुर से आई थीं आगरा

( यंग भारत न्यूज )

**आगरा।** भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ताजमहल के पश्चिमी गेट स्थित सती-उन-निसा के मकबरे को संवारेगा। इसके लिए एनुअल कंजर्वेशन प्लान (एसीपी) तैयार कर दिल्ली मुख्यालय को भिजवाया गया है।



सती-उन-निसा, शाहजहां की बेगम मुमताज महल की परिचारिका और बेटी जहांआरा बेगम की शिक्षक थीं। वह मुमताज महल के वर्ष 1631 में बुरहानपुर में निधन के बाद उनके शव के साथ आगरा आई थीं। ताजमहल के पश्चिमी गेट के बाईं तरफ सती-उन-निसा का मकबरा है। यह मकबरा पर्यटकों के लिए बंद है। इसके बाहर टिकटों की स्कैनिंग को टर्न स्टाइल गेट और सुरक्षा जांच को डोर फ्रेम मैटल डिटेक्टर (डीएफएमडी) लगे हुए हैं। सती-उन-निसा का मकबरा रेड सैंड स्टोन (लाल बलुई पत्थर) से बना हुआ है।

जाली वर्क के कई पत्थर खराब हो गए हैं

इसके फर्श, दासा (बॉर्डर), वीनियर कर्व्स, जाली वर्क के कई पत्थर खराब हो गए हैं। इससे ताजमहल देखने आने वाले पर्यटकों के बीच धरोहर की छवि खराब होती है। इसे देखते हुए एएसआई की आगरा शाखा ने सती-उन-निसा के मकबरे के संरक्षण के लिए एसीपी तैयार कर दिल्ली मुख्यालय भेजी है। संरक्षण कार्य पर सामग्री व मजदूरी समेत करीब 25 लाख रुपये का व्यय होगा।

सती-उन-निसा

सती-उन-निसा का जन्म फारस के माजंदारन प्रांत में विद्वानों व चिकित्सकों के परिवार में हुआ था। उनके छोटे भाई तालिब अमोली वर्ष 1619 में जहांगीर के दरबार में राजकवि बन गए थे। तालिब की मृत्यु के बाद सती-उन-निसा ने उनकी दो छोटी बेटियों को गोद लिया था। वह अपने पति की मृत्यु के बाद शाहजहां की बेगम मुमताज महल की सेवा में शामिल हो गई थीं।

# प्रेमिका ने मारी थी प्रेमी को पहली गोली, बीजेपी नेता ने कूंचा सिर, 10 दिन बाद ऐसे

( यंग भारत न्यूज )

**बागपत।** बागपत के डूडा के शहर मिशन प्रबंधक विक्रांत और उसकी प्रेमिका राखी कश्यप की हत्या में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। पुलिस ने विक्रांत और राखी की हत्या के आरोप में भाजपा नेता सुधारस को गिरफ्तार किया है। आरोपी बड़ौत में अपने घर में छिपा था। पुलिस ने कार्यालय से राखी की हत्या में प्रयुक्त खून से सना दाव बरामद किया है।




बागपत के डूडा के शहर मिशन प्रबंधक विक्रांत और उसकी प्रेमिका राखी कश्यप की हत्या में वांछित भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व नगर अध्यक्ष सुधारस चौहान को बागपत पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। वह चौहान इन्क्लेव स्थित अपने घर में छिपा था। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने बड़ौत रोड स्थित उसके कार्यालय से राखी की हत्या में प्रयुक्त खून से सना दाव बरामद कर सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर जब्त कर ली है। इस दोहरे हत्याकांड में शामिल सुधारस का साथी कपिल चौहान पहले ही पकड़ा जा चुका है। शुक्रवार को पुलिस ने दोहरे हत्याकांड का खुलासा कर दिया। पुलिस के मुताबिक, प्रयागराज के गोविंदपुर निवासी विक्रांत और अर्जुनपुरम की राखी कश्यप में प्रेम प्रसंग था। दोनों शादी करने वाले थे। शादी की खुशी में 15 अप्रैल की रात को राखी के घर पर हुई पार्टी में विक्रांत के साथ भाजपा नेता सुधारस चौहान और कपिल चौहान भी शामिल थे। वहां किसी बात को लेकर विवाद होने पर राखी ने विक्रांत की जांघ में अपनी लाइसेंसी पिस्टल से गोली मार दी। वहां से वह विक्रांत को सहारनपुर के बड़गांव ले गए और मुंह पर पत्थर से वार कर शव को नहर में फेंक दिया। पुलिस का कहना है कि विक्रांत की गुमशुदगी दर्ज करने के बाद राखी से पूछताछ की जाने लगी तो सुधारस को फंसने का डर सताने लगा। सुधारस 25 अप्रैल की रात में अपने साथी कपिल चौहान के साथ मिलकर राखी को सहारनपुर के रजापुर नौगांव के फार्म हाउस पर ले गया। वहां चाकू से गला रेतने के बाद दाव से वार कर उसकी हत्या कर दी। इसका खुलासा कपिल ने बृहस्पतिवार को पकड़े जाने पर किया। इसके बाद से बागपत और सहारनपुर पुलिस सुधारस की तलाश में जुट गई। शुक्रवार दोपहर सुधाकर के बड़ौत स्थित चौहान इन्क्लेव में होने की सूचना पर बागपत पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। सहारनपुर पुलिस सुधारस को अपने साथ ले गई। पुलिस ने भाजपा नेता की कॉल डिटेल खंगाली तो उसमें कई ऐसे लोगों के नंबर सामने आए, जिसने दो दिन पहले कई बार बातचीत हुई। पुलिस ने शहर के दुकानदार, कई प्रॉपर्टी डीलरों, कार्यालय पर काम करने वाले युवक समेत 20 से अधिक लोगों से पूछताछ की।

### दो जिलों की पुलिस ढूंढती रही, घर में मिला सुधारस

डूडा कर्मी विक्रांत और राखी कश्यप की हत्या में वांछित भाजपा नेता सुधारस चौहान की तलाश में बागपत और सहारनपुर पुलिस की कई टीमें लगी हुई थीं। इसके बाद भी भाजपा नेता शुक्रवार दोपहर खुद ही अपने घर पहुंच गया, जहां से पुलिस उसे गिरफ्तार कर जेल गई।दोहरे हत्याकांड में सहारनपुर के मिर्जापुर थाने और स्वाट समेत पुलिस की कई टीमों ने बृहस्पतिवार सुबह पांच बजे बागपत में डेरा डाल लिया था। पुलिस ने सबसे पहले पुराने कस्बे के रहने वाले हत्यारोपी कपिल को पकड़ा और उसके बाद आरोपी भाजपा नेता सुधारस चौहान के घर दबिश दी। पुलिस के आने से पहले ही सुधारस भाग गया था और उसकी तलाश में तभी से सहारनपुर जिले की पुलिस की कई टीमों के अलावा बागपत की पुलिस भी लगी थी। इसके बाद भी सुधारस पुलिस की पकड़ में नहीं आया। वह यहां से गाजियाबाद गया और वहां से हरियाणा में अपने कई परिचितों के पास जाकर शरण मांगी। मामला हाईप्रोफाइल होने और पुलिस की कार्रवाई होने के डर से किसी ने भी शरण नहीं दी। इसके चलते रातभर वह घूमता रहा। उसकी तलाश में शहर में डेरा डाले सहारनपुर के पुलिसकर्मी सादे कपड़ों में दबिश देते रहे। पुलिस ने शुक्रवार सुबह को भाजपा नेता के परिवार वालों पर भी शिकंजा कसा। इसकी उसको किसी से जानकारी मिल गई और वह शुक्रवार दोपहर करीब 12 ।50 बजे खुद ही घर पहुंच गया। जहां दस मिनट बाद ही पुलिस पहुंच गई और उसे गिरफ्तार करक ले गए।

### भाजपा में 2020 और भाकियू भानू में 2021 में रह चुका सुधारस

सुधारस चौहान काफी लंबे समय से भाजपा का सदस्य है। वह वर्ष 2020 में भाजपा युवा मोर्चा का नगर अध्यक्ष बनाया गया। उसके एक साल बाद नगर अध्यक्ष को बदल दिया गया। उसके बाद से वह भाजपा में सक्रिय नहीं था। इसके बाद वर्ष 2021 में भाकियू भानू का महासचिव भी बनाया गया।

# लाइसेंस शुल्क के विरोध में नगर निगम में प्रदर्शन कर,दिया नगर आयुक्त को ज्ञापन

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** आज नगर निगम झांसी द्वारा व्यापारियों पर लाइसेंस शुल्क के विरोध में व्यापारियों ने नगर निगम में प्रदर्शन करते हुए नगर आयुक्त को ज्ञापन दिया !



कैट एवं उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के तत्वाधान में उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष एवं कैट के राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री संजय पटवारी के नेतृत्व में नगर निगम द्वारा लाइसेंस शुल्क मैं वृद्धि एवं लाइसेंस शुल्क का दायरा बढ़ाने पर आज व्यापारियों ने जोरदार नारे बाजी करते हुए प्रदर्शन किया व कहा कि व्यापारियों पर पहले से 16 प्रकार के विभिन्न टैक्स लगे हुए हैं, ऐसे में लाइसेंस शुल्क के नाम पर एक और टैक्स व्यापारियों को मंजूर नहीं, नारेबाजी करते हुए वक्ताओं ने कहा कि व्यापारिक वर्ग पहले से ही महंगाई,कर संरचना, बिजली व्यवस्था एवं विभिन्न व्यावसायिक चुनौतियों का सामना कर रहा है, ऐसे में लाइसेंस शुल्क की प्रस्ताव वृद्धि न केवल व्यापारियों को हतोत्साहित करेगी बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं आर्थिक गतिविधियों को भी प्रभावित कर सकती है, इस लाइसेंस शुल्क को अभिलंब वापस करने की मांग की ! इस अवसर पर पर्षद संजीव गुप्ता, बाल स्वरूप साहू, सुनील नैनवानी, कुलदीप सिंह दांगी, राजेश बिरथरे, डॉ विवेक बाजपेई, संजय सर्राफ, धीरज राजपूत, प्रभु दयाल साहू, अभिषेक सोनकिया, प्रदीप गुप्ता, चौधरी नफीस, राजकुमार बसरानी, अशोक साहू, अंकुर बट्ठा,संजीव रिछारिया, उमेश अग्रवाल, गुड्डन अग्रवाल,सुनील कुशवाहा, दीपक बसेड़िया, जमाल कुरेशी, गगन मिश्रा, सुनील भदोरिया, अंकित साहू आदि ने भी विरोध व्यक्त करते हुए अपने विचार व्यक्त किया, संचालन कैट की महानगर अध्यक्ष डॉक्टर विवेक बाजपेई ने किया !

# भाजपा युवा नेता राहुल राजपूत का किया भव्य सम्मान

( यंग भारत न्यूज )

**गुरसरांय।** नगर की एक बाटिका में क्षेत्रीय विधायक जवाहरलाल राजपूत के पुत्र एवं भाजपा के युवा नेता राहुल राजपूत का पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत अभिनंदन किया गया। इस मौके पर बोलते हुए राहुल राजपूत ने कहा कि सभी कार्यकर्ता हमारे सहयोगी है ।आपकी ताकत ही हमारी ऊर्जा है,इसे बनाये रखें ।उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी की जनहितकारी योजनाओं के बारे में बताया कि हमारा प्रदेश चहुमुखी विकास कर रहा है ।हम सामर्थ्यवान बन रहे है ।यह हमारी पार्टी एवं कार्यकर्ताओं की ताकत है। उनका मोहनीश अग्रवाल, कमलेश द्विवेदी, सत्यप्रकाश तिवारी सिया,राजू पाठक प्रधान आमली,जितेंद्र व्यास आदि कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।



इस मौके पर मंडल अध्यक्ष आशीष खरे,गुलाब चंद्र जैन,सुबोध पटेल घुरैया,नीतेश मोदी,गीता श्रीवास्तव, गोपाल श्रीवास्तव, राम नारायण पस्तोर, आत्माराम फौजी,जितेंद्र कुशवाहा,मुन्नी दाऊ कैरोखर,शिवम तिवारी,रामेश्वर दयाल अग्रवाल, राम जी अग्रवाल,राजा केशवेंद्र सिंह चौहान,गुड्डू चौहान,खन्ना त्रिपाठी,विजय सिंह,लक्ष्मण सिंह,सोनू पटसारिया,प्रमोद स्वामी, प्रतीक जैन,राम जी सोनी,गोविन्द भदौरिया सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नहाते समय 8 वर्षीय बच्चे की तालाब में डूबने से हुई मौत, परिवार मे मचा कोहराम

( यंग भारत न्यूज )

**बबेरू /बाँदा ।** बबेरू कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत फुफन्दी गांव में तालाब में डूबने से 8 वर्षीय मासूम बच्चे की मौत हो गयी, वही पुलिस ने पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बबेरू कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत फुफन्दी गांव निवासी कृष्णा कुशवाहा पुत्र महेंद्र कुमार कुशवाहा उम्र करीब 8 वर्ष, यह आज शनिवार की दोपहर गांव के बाड़ी तालाब पर अन्य बच्चों के साथ नहाने गया था। तभी नहाते समय तालाब के गहरे पानी पर चला गया और डूब गया ,वहीं जो अन्य बच्चे तालाब मे नहा रहे थे, वह तुरंत घर पहुंचे और तालाब मे डूबने की बात परिजनों से बताई, तुरंत मौके पर पहुंचे परिजनों ने ग्रामीणों के साथ तालाब पर कूद कर बच्चे को तालाब से बाहर निकाला। और तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बबेरू लेकर पहुंचे, जहां पर डॉक्टर द्वारा देखते ही परीक्षण करने के बाद मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही मौके पर बबेरू कोतवाली पुलिस नायब तहसीलदार मनोहर सिंह पहुंचे और घटना की जानकारी परिजनों से लिया है उधर पुलिस के द्वारा शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज बांदा भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक मृतक कृष्णा तीन भाई व एक बहन में चौथे नंबर का था। इस घटना को देखते हुए मृतक की मां संतोषी देवी, पिता महेंद्र कुमार कुशवाहा सहित पूरे परिवार जनों का रो-रो कर बुरा हाल है।



## संपूर्ण समाधान दिवस पर छः प्रार्थना पत्र का मौके पर किया गया निस्तारण

( यंग भारत न्यूज )

**बबेरू /बाँदा ।** बबेरू तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एसडीएम व सीओ की अध्यक्षता पर संपन्न किया गया, वही फरियादियों की समस्याएं सुनी गयी। बबेरू तहसील सभागार मे शनिवार को तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन बबेरू उप जिलाधिकारी अवनीश कुमार व सीओ कृष्णकांत त्रिपाठी की अध्यक्षता पर संपन्न किया गया। जिसमें बबेरू तहसील क्षेत्र अंतर्गत अलग-अलग गांव से कुल 81 फरियदियों ने प्रार्थना पत्र सौपा है, जिसमे 6 प्रार्थना पत्र का मौके पर निस्तारण कराया गया है। शेष प्रार्थना पत्र को संबंधित अधिकारियो को सौंप कर एक सप्ताह के अंदर निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं। जिसमें ज्यादातर प्रार्थना पत्र राजस्व विभाग,पुलिस, जमीनी विवाद बिजली की समस्या पानी की समस्या सहित एवं अन्य विभागों से प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए हैं।



## दो दिवसीय दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान का समापन

( यंग भारत न्यूज )

**गुरसरांय।** भारतीय जनता पार्टी झांसी जिला के गरौठा एवं मऊरानीपुर बिधान सभा के मण्डलों का मण्डल प्रशिक्षण में शेष बचे प्रशिक्षार्थियों का दो दिवसीय पं दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण का आज गुरसरांय के विराज पैलेस में समापन हो गया । इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रदीप पटेल ने भारतीय जनता पार्टी के कार्य विस्तार पर चर्चा करते हुए कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़ है। यह प्रशिक्षण महाअभियान कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक मूल्यों राष्ट्रवाद की भावना ओर सेवा समर्पण के संस्कारों से सशक्त करने का माध्यम है। भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष सहजेन्द्र सिंह बघेल ने सोशल मीडिया के बारे में जानकारी दी तो वही भाजपा के निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष उदय लुहारी ने भाजपा के इतिहास ओर विकास पर चर्चा की। भाजपा के पूर्व महानगर जिलाध्यक्ष संजीव श्रृंगीऋषि ने भाजपा के प्रशिणार्थियों को बूथ प्रबंधन का पाठ पढ़ाया। भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री बद्री त्रिपाठी ने वैचारिक अधिष्ठान के बारे मे जानकारी दी। जिला महामंत्री भाजपा छत्रपाल सिंह राजपूत ने कार्य पद्धति के विषय पर चर्चा की समापन सत्र में गरौठा विधायक जवाहरलाल राजपूत ने अपनी सरकार की उपलब्धियों से अवगत कराया।



इस अवसर पर जिला महामंत्री भाजपा डॉ अनिल राज, जिला उपाध्यक्ष नेहिल सिंघई, वीरेंद्र नायक, चैयरमैन समथर देवेंद्र कंसाना, यज्ञेश यादव, अजय राय, प्रसिद्ध नारायण यादव, मण्डल अध्यक्ष गुरसरांय आशीष खरे,सौरभ तिवारी,रविन्द्र जैन, अभिलाष सिंह, आत्माराम फौजी, अजय गोस्वामी, श्याम जादूगर, फिरोज खान, राहुल सिंह विक्रम सिंह, अरविंद विश्वकर्मा, हरिओम पटेल, अशोक मिश्रा, सोमित श्रीवास, सुबोध पटेल, संतोष तिवारी, मनमोहन सिंह, भरत भूषण खरे, प्रदुम्न पांचाल, निर्मल सिंह राजपूत, अनिल सोनी, विजय सिंह, रामकिशोर कुशवाहा, बृजेश कुशवाहा, कृष्ण कुमार, आदि उपस्थित रहे।

# शांति व्यवस्था भंग करने पर 5 गिरफ्तार

( यंग भारत न्यूज )

**गुरसरांय।** थाना गुरसरांय पुलिस ने क्षेत्र में शांति व्यवस्था भंग करने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पांच व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झांसी एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी गरौठा के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक गुरसराय के नेतृत्व में की गई।

पुलिस के अनुसार, ग्राम करवा एवं करगुआ बुजुर्ग क्षेत्र में आपसी विवाद के दौरान मारपीट एवं झगड़ा होने की सूचना पर टीम मौके पर पहुंची। स्थिति को नियंत्रित करते हुए पुलिस ने शांति भंग की आशंका के तहत पांच लोगों को हिरासत में लेकर उनके विरुद्ध धारा 170/126/135 बीएनएसएस के अंतर्गत चालान किया। गिरफ्तार आरोपियों में राजेन्द्र पुत्र मुन्नालाल (45 वर्ष), आकाश सोनी पुत्र राजेन्द्र सोनी (21 वर्ष), राघवेन्द्र सिंह पुत्र नरेन्द्र प्रताप सिंह (36 वर्ष), मोजीलाल पुत्र काशीराम (32 वर्ष) तथा काशीराम पुत्र बसोरे (62 वर्ष), सभी निवासी थाना गुरसराय, जनपद झांसी शामिल हैं। गिरफ्तारी की कार्रवाई ग्राम करवा गुरसराय एवं ग्राम करगुआ बुजुर्ग में की गई। इस दौरान पुलिस टीम में उपनिरीक्षक वीरपाल सिंह, उपनिरीक्षक सूरजकान्त त्रिपाठी, उपनिरीक्षक उमेद सिंह चौहान, कांस्टेबल आशीष द्विवेदी एवं कांस्टेबल राकेश कुमार शामिल रहे। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।




# बिधायक जवाहरलाल राजपूत ने तालाब के घाटों के निर्माण का भूमिपूजन कर शिलान्यास किया

( यंग भारत न्यूज )

**गुरसरांय।** ऐतिहासिक तालाब के घाटों का सुंदरीकरण एवं नवीन घाट बनाये जाने का शिलान्यास भूमि पूजन क्षेत्रीय विधायक जवाहरलाल राजपूत ने किया। पूजन में ज्योतिषाचार्य अटल श्री पं दीपेन्द्र अरजरिया उपस्थित रहे। पूजन पं अनिल पप्पू पंडा ने विधिविधान से कराया।



पूजन के बाद विधायक जवाहर लाल राजपूत ने कहा कि तालाब का सुन्दरी करण एवं घाटों की सुरक्षा करने के लिए वह पीछे नहीं हटेंगे ।जो भी व्यय तालाब के नवीन घाटों को बनाने में आएगा वह स्वयं विधायक निधि से करेंगे। वहीं परकोटा मुहल्ले के तालाब के किनारे बसे लोगों ने एक दर्जन महिलाओं के साथ पहुंचकर पेयजलापूर्ति ना होने का दुखड़ा रोया ।महिलाओं ने रोते हुए विधायक को बताया कि वह एक एक बूंद पानी के लिए तरस रहीं है ।उनके घरों तक पानी नहीं पहुंचता ।विधायक जी को ज्ञापन सौंपकर उन्होंने पेयजलापूर्ति कराए जाने की मांग की है

इस दौरान नितुल व्यास,अमन गोस्वामी, अखिलेश तिवारी छिरोरा, ललित पटेल,जितेंद्र कुशवाहा,शालू गोस्वामी, मनोहर कुशवाहा, अखिलेश तिवारी सुट्टा सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# समस्याओं को लेकर शिक्षकों ने दिया धरना, सौंपा ज्ञापन

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** प्रदेशीय नेतृत्व के आह्वान पर प्रदेश के सभी जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर दोपहर 2:00 से धरना निम्न मांगों के निस्तारण हेतु दिया गया प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक ने धरना स्थल पर उपस्थित होकर मांगों से संबंधित ज्ञापन प्राप्त करके प्रेषित करने का आश्वासन दिया शिक्षकों की मांगों में चयन बोर्ड अधिनियम की धारा 18 एवं 21 पुनर्स्थापित की जाए पुरानी पेंशन बहाल की जाए वित्त विहीन विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के लिए समान कार्य के लिए समान वेतन दिया जाए 22 मार्च 2016 की राजाज्ञया से आच्छादित एवं विनिमित शिक्षकों को पुरानी पेंशन का लाभ दिया जाए वंचित तदर्थ शिक्षकों का विनमितिकरण किया जाए व्यवसायिक शिक्षकों को विनियमित करते हुए पूर्ण कालिक शिक्षक का दर्जा दिया जाए इसी तरह धरने में जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से मांग की गई एनपीएस कटौती की धनराशि शिक्षकों के प्राण नंबर में प्रदर्शित नहीं हो रही है एनपीएस की धनराशि जीपीएफ में जमा नहीं हो रही है पदोन्नति प्रकरणों का निस्तारण लंबित है चयन वेतनमान समय से निस्तारित नहीं हो रहे हैं जिससे शिक्षकों में रोश व्याप्त है इसी प्रकार अवकाश प्राप्त शिक्षकों के जीपीएफ एवं पेंशन सामूहिक बीमा में कार्यालय द्वारा लापरवाही बरती जा रही है शिक्षक संघ के पदाधिकारी द्वारा उक्त मांग के संबंध में समीक्षा बैठक की गई लेकिन संतोषजनक कार्रवाई न होने से अवकाश प्राप्त शिक्षकों में निराशा व्याप्त है शासन के निर्देशों का पालन कार्यालय द्वारा न किए जाने से शिक्षकों में आक्रोश व्याप्त है जो कार्यालय की कार्य शैली का विरोध करने के लिए धरना प्रदर्शन करेंगे धरना की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष जगमोहन भौंड़ेले की गई धरने में पूर्व मंडली अध्यक्ष के सी अरजरिया पूर्व मंडली अध्यक्ष चंद्रभान सिंह यादव मंडली अध्यक्ष मिलन किशोर गुप्ता प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजेंद्र पटसारिया मंडलीय मंत्री शिशु पाल यादव जिला कोषाध्यक्ष अर्चना नामदेव जिला मंत्री जितेंद्र सैनी प्रधानाचार्य राजीव श्रीवास्तव दिनकर सक्सेना उस्मान खान नीरज कुमार प्रजापति नंदकिशोर जगत मिश्रा राजपूत विकास लखेरा सुधांशु दिक्षित अजय कैरेबिन विनोद कुमार प्रदीप कुमार पाठक नीति श्रीवास्तव प्रधानाचार्य परिषद के जिला अध्यक्ष विनोद शर्मा धीरज विजय नामदेव अत्री यशवंत सिंह कुदसिया खान इंद्रा गुप्ता गोपाल यादव शिवदत्त मिश्र बृजेश वर्मा महेंद्र साहू सुनील कुमार अजीम अल्ला खान अब्दुल अलीम राशिम हुसैन अजीम खान नौशाद खान मोहम्मद ओवैस ताज मोहम्मद ताल्हा अली शैलेंद्र कुमार फिरोज करीम डॉक्टर जी लाल राघवेंद्र सिंह विजय नामदेव पवन कुमार सिंह अजय कुमार संतोष गुप्ता जयप्रकाश पाल अविनाश मिश्रा डॉक्टर अमरदेव सिंह वंदना पाठक राजेंद्र कुमार झा अभिलाष शर्मा मुकेश कुमार सतीश कुमार इंद्रेश पाठक चंद्र का प्रसाद पुष्पेंद्र यादव राजीव गुप्ता सत्येंद्र कुमार सिंह कुलदीप पटेल अरुण गुप्ता महेंद्र कुमार प्रभात गुप्ता उदयवीर सिंह रविकांत कुशवाहा बृज गोपाल शर्मा रामसेवक गौतम जितेंद्र कुमार सोनी प्रमोद वर्मा जितेंद्र साहू मयंक साहनी महेंद्र पटेल कमलेश यादव दिनेश चंद्र गुप्ता कविंद्र वर्मा राम किशोरी मुकुल वर्मा विनोद कुमार दीनदयाल नरेंद्र कुमार सिंह आदि सैकड़ो की संख्या में शिक्षक मौजूद रहे



## बीडा के विकास के साथ स्थानीय युवाओं मिले के रोजगार

**झाँसी।** आज झांसी महानगर स्थित बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) कार्यालय में मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) संजय कुमार खत्री से भेंट कर बुंदेलखंड क्षेत्र के औद्योगिक और आवासीय विकास एवं स्थानीय रोजगार के विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा हुई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से निम्नलिखित विषयों पर चर्चा और सहमति बनी।

स्थानीय परिवारों को रोजगार जिन परिवारों की जमीन बीड़ा (बीडा) परियोजना के लिए अधिग्रहित की गई है, उनके परिवार के कम से कम एक व्यक्ति को बीड़ा परिक्षेत्र में रोजगार का अवसर मिलना चाहिए। कंपनियों द्वारा स्थानीय प्राथमिकता बीड़ा परिक्षेत्र में आने वाली सभी कंपनियों को यह निर्देश दिए जाने चाहिए कि वे झांसी और बुंदेलखंड के निवासियों को ही रोजगार दें, ताकि इस क्षेत्र के युवाओं को लाभ मिल सके। सीईओ संजय कुमार खत्री द्वारा दिया गया आश्वासन चर्चा के दौरान सीईओ श्री संजय कुमार खत्री जी ने अवगत कराया कि माननीय मुख्यमंत्री जी को प्रेषित पत्र के तारतम्य में, जिन किसानों और परिवारों की जमीन गई है, उन्हें यथोचित सम्मान दिया जाएगा। उन्होंने पूर्ण आश्वासन दिया कि बीड़ा में स्थापित होने वाले उद्योगों से ज्यादा से ज्यादा बुंदेलखंड के लोगों को रोजगार मिले, यह प्राधिकरण की प्राथमिकता होगी और इस दिशा में पूरा सम्मान दिया जाएगा। बीडा परियोजना की मुख्य विशेषताएं-उत्तर प्रदेश का ड्रीम प्रोजेक्ट माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी का यह ड्रीम प्रोजेक्ट 65,000 एकड़ से अधिक क्षेत्र में विकसित हो रहा है, जिसमें 33 गांव शामिल हैं। इसका लक्ष्य इसे नोएडा से भी बड़ी औद्योगिक टाउनशिप बनाना है। आधुनिक और हरित शहर यह उत्तर प्रदेश का पहला बीड़ा शहर होगा

# डीएम की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन

( यंग भारत न्यूज )

**पैलानी/बांदा।** पैलानी तहसील के महर्षि पैलानी सभागार में आयोजित जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता जिला अधिकारी अमित आसेरी व पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन जिसमें कल 67 मामले आए मौके पर आए आठ मामलों का निस्तारण किया गया शेष बचे मामलों को टीम गठित कर जांच के निर्देश दिए गए हैं वहीं समाधान दिवस मे अमलोर प्रधान भूपेंद्र सिंह द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र पर बताया कि प्राथमिक विद्यालय अमलोर की प्रधानाध्यापिका किरण शुक्ला जिसकी निलंबन की कार्यवाही हुई थी जिसने विद्यालय का चार्ज अभी तक किसी को नहीं सौपा और विद्यालय पर ताला बंद कर देती है जिससे बच्चों का भविष्य खराब हो रहा है वहीं जिला अधिकारी ने खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देश जारी कार्यवाही के आदेश दिए हैं। पिपरहरी गांव निवासी सौखीलाल सहित एक दर्जन ग्रामीणों ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि पिपरहरी गांव का कोटेदार अर्जुन सिंह पुत्र गजोधर की मनमानी व गुंडागर्दी से दुकान हमेशा बंद रहती है लोगों को राशन न देकर लोगों को गाली गलौज कर भगा देता है। जिलाधिकारी ने पूर्ति अधीक्षक को कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। तिंदवारी खंड विकास अधिकारी तथा जसपुरा खंड विकास अधिकारी धनराज कोटार्य को फार्मर रजिस्ट्री का काम न करने को लेकर जिलाधिकारी ने फटकार लगाई है कहा कि पूर्ण रूप से काम हो जाना चाहिए नहीं तो कार्यवाही की जाएगी वही तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कमालुद्दीन खान ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि तहसील में अभी तक उपनिबंधन कार्यालय संचालित न होने से क्षेत्र वासियों को बैनामा कराने के लिए भीषण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है समाधान दिवस में जिलाधिकारी अमित आसेरी ,पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल एडीएम कुमार धर्मेंद्र ,सी ओ सदर सौरभ सिंह,तहसीलदार राधेश्याम सिंह नायब तहसीलदार मुस्तकीम खान सहित जिले के सभी विभाग के अधिकारी तथा कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।



मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718